संसेक्स 71,336.80 ▲ +229.84
डॉलर 83.278 ▼ +0.105

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 14.0 | 13.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 13.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 12.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 27 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 71, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय मिर्जा गालिब : गहन मानवीय चेतना के चितेरे ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सलामी बल्लेबाज चुनूंगा : माइकल हसी ...12 देश/विदेश


### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,160

चांदी (10 किलो) 75,290

## एक नजर

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो।** जिला के गोमिया प्रखंड के झुमरा पहाड़ स्थित सीआरपीएफ के 26वीं बटालियन के रहावन कैंप में तैनात 40 वर्षीय जवान रमाबाबू राय ने मंगलवार को अपनी इंसास राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रहावन ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे सीआरपीएफ कैंप में जवान रामबाबू राय ने अपनी राइफल से गोली मार ली, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान रामबाबू राय, रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के चोरधरा के रहने वाले थे। उनके दो बच्चे हैं। ओपी प्रभारी ने रहावन कैंप पहुंचकर घटना की जानकारी ली। रहावन पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं रहावन ओपी प्रभारी ने सुनील कुमार ने बताया कि मामला सीआरपीएफ कैंप का है, जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे केंद्र सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में अब विलंब नहीं करना चाहिए। खड़गे ने मंगलवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को मोदी सरकार ने धोखा दिया है। वहां आतंकी घटनाएं चरम पर हैं। कश्मीरी पंडितों पर आज भी हमले हो रहे हैं। वहां आए दिन आतंकी घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वहां के लोगों ने कांग्रेस के साथ एकजुटता दिखाई थी। खड़गे ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर व लद्दाख से आए पार्टी नेताओं के साथ उन्होंने बैठक की।

### सेना प्रमुख जनरल पांडे ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति के कार्यालय ने बैठक की एक तस्वीर के साथ एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए राजौरी-पुंछ सेक्टर का दौरा किया था। उन्होंने पुंछ-राजौरी सेक्टर में उस इलाके का भी दौरा किया था, जहां हाल ही में सुरक्षा बलों पर हमले हुए हैं।

### झारखंड की एकमात्र एससी आरक्षित सीट पर दोनों गठबंधनों का जोर

# पलामू फतह के लिये राजनीतिक दलों में जोर आजमाइश

- आईएनडीआईएइ गठबंधन सीट छीनने की जुगत में तो हर हाल में कब्जा बरकरार रखना चाहती है एनडीए
- भाजपा विधान मंडल दल के नेता व कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को दे चुके हैं मंत्र

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित झारखंड के एकमात्र लोकसभा क्षेत्र पलामू फतह करने के लिये इस बार दोनों गठबंधन पूरा जोर लगाये हुये हैं। वर्ष 2024 में प्रतिष्ठापरक पलामू सीट को जहां आईएनडीआईए गठबंधन हरहाल में भाजपा के कब्जे से छीनना चाह रही है। वहीं इस सीट पर हैट्रिक लगाने के लिये भाजपा नीत एनडीए पूरे शिद्दत से जुट गयी है। दो दिन के अंतराल में भाजपा का एससी चेहरा व विधान मंडल दल के नेता अमर बाउरी एवं कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान पलामू का दौरा कर कार्यकर्ताओं को मंत्र दे चुके हैं। पलामू व गढ़वा जिले को मिलाकर गठित पलामू संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति की संख्या एक-चौथाई से अधिक होने के कारण 1962 से ही यह सीट एससी वर्ग के लिये आरक्षित है। दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम के तगड़े वोट बैंक के कारण कांग्रेस ने इस सीट तक सर्वाधिक समय तक राज किया है। इस पार्टी की ही कमला कुमारी को पलामू से सर्वाधिक चार बार सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ है, किंतु मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर में पहले राजद व उसके बाद वर्तमान में पलामू भाजपा के मजबूत किले में तब्दील हो गया है। पिछले दो बार से भाजपा के वीडी राम इस सीट से भारी अंतर से अपना परचम लहरा रहे हैं। बहरहाल इस बार 28 विपक्षी दलों ने संयुक्त गठबंधन कर भाजपा को चुनौती देने का निर्णय लिया है। दिसंबर महीने से ही दोनों ही धड़े अपनी-अपनी व्यूह रचना तेज कर दिये हैं।





#### पलामू में एससी वोट निर्णायक

पलामू संसदीय क्षेत्र में एससी वोट हमेशा से निर्णायक रहे हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लोकसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति की संख्या सर्वाधिक 25.9 प्रतिशत है। इसके अलावे संसदीय क्षेत्र में एसटी 11.9 प्रतिशत व मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14.7 प्रतिशत है। लोकसभा क्षेत्र में 89.6 प्रतिशत वोटर ग्रामीण व 10.4 प्रतिशत वोटर शहरी क्षेत्र से आते हैं।

### सीएम ने कहा, प्रदेश में बिचौलियावाद पर लगाम, पूर्व की सरकारों ने झारखंड को कभी युवा होने ही नहीं दिया

# मुख्यमंत्री ने चतरा को 470 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित करबला मैदान में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। उनके साथ राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद आदि कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 470 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की सरकार दिल्ली से नहीं गांव से चल रही है, जहां अधिकारी विकास की गठरी लेकर बैठे हैं। आपको हर जरूरत को ध्यान में रखकर अधिकारी काम कर रहे हैं। सरकार अब पेंशन और राशन के लिए लोगों को भटकने नहीं दे रही है। बेटियां बोझ नहीं बने इसके लिए सावित्रीबाई फूले योजना का लाभ सभी वर्ग की सभी बच्चियों को मिलेगा। गरीब के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बने और विदेश में पढ़े इसकी व्यवस्था सरकार ने की है। सभी को रोटी-कपड़ा और मकान मिले इसके लिए 20 लाख ग्रीन कार्ड, दस रुपये में साल में दो बार सोना-सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी और अब अबुआ आवास दिया जा रहा है। इसके अलावे आने वाले दिनों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। बिजली उपभोक्ताओं को इस सरकार ने 100 यूनिट बिजली देकर सभी के घरों को रोशन किया है। साथ ही बकाया बिजली माफ कर गरीबों को राहत दी है। आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने झारखंड को कभी युवा होने ही नहीं दिया। सारे साधन और संसाधन अपने उपयोग में लेती रही। पिछले 4 वर्षों से सरकार झारखंड को विकास की पटरी पर लाने में दिन-रात मेहनत कर रही है। आने वाले दिनों में विकसित झारखंड का सपना साकार होगा। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि देश में झारखंड पहले राज है जो कोरोना काल में बाहर में फंसे मजदूरों को बस और रेल के अलावे हवाई जहाज से भी घर लाने का काम की है। कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने कहा कि सरकार किसान हित में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। किसानों को कर्ज माफी के अलावा उन्हें सब्सिडी पर खेती के लिए उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवा रही है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भी पूर्वती सरकार को आडे हाथ लेते हुए जमकर कोसा। कार्यक्रम में जिले का ब्योरा डीसी अबु इमरान ने प्रस्तुत किया।



### 'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा के लिए

# किसी भी हद तक जाने का प्रतीक : प्रधानमंत्री

**ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं।**

**जब कोई देश विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढ़ता है तो दुनिया उसका सम्मान करती है।**

**आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बहादुरी की कोई उम्र नहीं होती है। प्रधानमंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कोई देश अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढ़ता है तो दुनिया उसका सम्मान करती है।

उन्होंने कहा कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।

उन्होंने कहा कि 'वीर बाल दिवस' अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं तो दुनिया का भी नजरिया बदला है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है। आज के भारत को अपने लोगों पर, अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा पूरा भरोसा है। आज के ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# डैम में डूबे युवक का 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

### डीसी ने एनडीआरएफ को खोजबीन के दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के रानीताल डैम में डूबे चैनपुर बाजार के निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी पिता शिवनाथ साहू का 24 घंटे बाद भी कोई अता-पता नहीं चल सका है। स्थानीय मछली मारने वाले मछुआरों की मदद से ट्यूब पर बैठकर जाल लगाकर शव ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन दूसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिली। रानीताल डैम पहुंचे जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने पूरी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अंचलाधिकारी संजय बाखला को एनडीआरएफ की टीम बुलाकर डेड बॉडी ढूंढवाने का निर्देश दिया है। मौके पर डीडीसी रवि आनंद और नगर आयुक्त जावेद हुसैन भी मौजूद थे। बताते चलें कि सोमवार को अपने तीन-चार दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रानी ताल डैम गए धर्मेंद्र कमलापुरी अपने एक साथी के साथ तैरकर डैम पार करने के दौरान गहराई वाले हिस्से में डूब गया था।



#### एनडीआरएफ को किया गया फैक्स : सीओ

अंचलाधिकारी संजय बाखला ने बताया कि इस सिलसिले में एनडीआरएफ को पूरे मामले से संबंधित जानकारी फैक्स कर कर दी गयी है। स्थानीय स्तर पर भी खोजबीन की जा रही है। सोमवार रात 8 बजे तक ढूंढा गया। मंगलवार सुबह 6 बजे से ढूंढा जा रहा है। सीओ ने कहा कि संभावना है कि डूबने के बाद युवक पत्थर में दब गया होगा। हालांकि 24 घंटे बाद डेड बॉडी को ऊपर आ जाना चाहिए था। उसके दोस्त भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं कि युवक डूबा किस जगह पर था।


### कोरोना के दौरान टीकाकरण नहीं होने से बच्चों में खसरा व एसएसपीई का खतरा बढ़ा

# कोरोना जेएन1 वैरिएंट के 4100 मामले

**2 वर्ष की आयु से पहले खसरे से संक्रमित हुए लोगों में एन्सेफलाइटिस होने की संभावना ज्यादा**

– आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 412 लोगों में कोरोना जेएन1वैरिएंट से संक्रमण की पुष्टि की गई है। इसके साथ देश में कोरोना के एक्टिव मामले की संख्या 4100 से ज्यादा हो गई है। गोवा में सबसे ज्यादा 34 ,महाराष्ट्र में 9, कर्नाटक में 8 , केरल में 6, तमिलनाडु में 4व तेलंगाना में 2 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। कोरोना संक्रमण काल 2020 से 2022 के दौरान खसरा व सबस्टीच्यूट स्क्लेरोजिंग पेनेन्सेफ्लाइटिस (एसएसपीई) के टीके नहीं लगाए जाने के कारण अब इनके होने के खतरे भी बढ़ गया है। इस बारे में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी , लखनऊ के प्रोफेसर आरके गर्ग का कहना है कि कोरोना ने कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ाई हैं। इसके कारण खसरा व एसएसपीई का खतरा भी काफी बढ़ गया है। बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना होगा। एसएसपीई, खसरा वायरस के कारण होने वाली गंभीर जटिलता है। हालांकि इसके मामले काफी दुर्लभ रहे हैं। खसरे के वायरस को टीकाकरण से रोका जा सकता है, व्यापक स्तर पर टीकाकरण ने एसएसपीई की समस्या को काफी नियंत्रित किया हुआ था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में टीकाकरण में आई बाधा के कारण भारत सहित कई देशों में खसरे के फिर से उभरने का जोखिम है, जिसने एसएसपीई के लिए भी चिंताओं को बढ़ा दिया है। एसएसपीई खसरा वायरस के कारण होने वाली दीर्घकालिक समस्या है। खसरे के संक्रमण के दौरान कभी-कभी वायरस मस्तिष्क में प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति में खसरे का वायरस मस्तिष्क में संक्रमण (एन्सेफलाइटिस) का भी कारण बन सकता है। इतना ही नहीं वायरस बिना किसी समस्या के लंबे समय तक मस्तिष्क में रह भी सकता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। एसएसपीई विकसित होने का जोखिम उन लोगों में सबसे अधिक होता है जो 2 वर्ष की आयु से पहले खसरे से संक्रमित हो जाते हैं। यह अक्सर बच्चों या युवा वयस्कों में शुरू होता है।



## इंडिया

# ठग अब 420 नहीं 316 कहलाएंगे 101 से हत्यारों को सजा



सुनील बादल

**अंग्रेजों** के जमाने के आपराधिक कानूनों की जगह तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। पहले भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, अब भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के बाद 20 नए अपराध शामिल भी किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने इसी साल अगस्त में पेश किए गए पिछले संस्करणों को वापस लेते हुए संसद के निचले सदन में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को फिर से पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अब सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस है। आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान था नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है। आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है। पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 में आरोपी बनाया जाता था अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 से सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा। पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है। दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

| जुर्म | आईपीसी | भारतीय न्याय संहिता |
|---|---|---|
| देशद्रोह | धारा 124 | धारा 152 |
| गैर-कानूनी सभा | धारा 144 | धारा 189 |
| हत्या | धारा 302 | धारा 101 |
| हत्या का प्रयास | धारा 307 | धारा 109 |
| दुष्कर्म | धारा 376 | धारा 63 |
| मानहानि | धारा 399 | धारा 356 |
| ठगी | धारा 420 | धारा 316 |

# पूल निर्माण साइट पर माओवादी दस्ते का धावा, मिक्सर मशीन में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

एक बार फिर माओवादी के हथियारबंद दस्ते ने सोमवार रात अचानक धावा बोल कर गड़बूढ़नी पंचायत के अंतर्गत ग्राम चुटीया नदी पर हो रहे पूल निर्माण साइट पर खड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कंक्रीट बूम प्रेशर मशीन में आग लगा दी। इसके साथ ही मजदूरों के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी होते ही थाना प्रभारी आशुतोष यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तफ्तीश शुरू की। मिस्त्री और मजदूरों ने बताया कि सोमवार की शाम काम खत्म कर हम 12 लोग पूल निर्माण साइट के पास लगे डेरा पर खाना खाने की तैयारी कर रहे थे तभी पांच लोग आए। इनमें से तीन के पास आधुनिक हथियार थे और दो बिना हथियार के थे। हमें उठाया और निर्माण साइट पर ले गए। थप्पड़ से हल्की मारपीट की। मुंशी को फोन कर कार्य को रोकने को कहा। बात नही मानने पर फौजी कारवाई करने की बात कही। इस दौरान सड़क से दो बाइक सवार गुजर रहे थे। उन्हें रोककर डरा धमका कर उनकी बाइक से पेट्रोल निकाला और साइट पर खड़ा मशीन को आग लगाकर चले गए। मजदूरों ने बताया कि बाइक का पेट्रोल निकाल लेने पर दोनों बाइक सवार मोटरसाइकिल हाथों से धकेलते ले गए।



## एक नजर

### पूजित अक्षत-कलश पंचायतों में रवाना


पूजित अक्षत - कलश ले जाते श्रद्धालु

**मेदिनीनगर।** अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश को चैनपुर व रामगढ़ प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में रवाना किया गया। इस दौरान अक्षत-कलश का दर्शन करने को लेकर क्षेत्र में भारी उल्लास का माहौल देखा गया। इससे पूर्व विहिप के विभाग सहमंत्री महेंद्र नाथ व जिला सह मंत्री आशीष चौरसिया की मौजूदगी में अक्षत-कलश वितरण को लेकर रामगढ़ प्रखंड में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला सहमंत्री अमित तिवारी व कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ मुखिया उमेश साहू ने किया। इस दौरान अक्षत वितरण के लिये कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। गोखुल राम, पप्पू प्रसाद, संजय कुमार, बबलू गुप्ता, बबलू सोनी, दीपक जायसवाल, सुधीर कुमार गुप्ता, देवेंद्र कुमार कश्यप, विनीत केशरी, अमरेश कुमार व विद्या सागर को इस कार्य के लिये नामित किया गया। बैठक में तय किया गया कि एक जनवरी से इन्हीं कार्यकर्ताओं की देखरेख में निमंत्रण पत्रिका वितरण शुरू किया जायेगा। आयोजन में श्रीराम सेना अध्यक्ष पंकज जायसवाल व शाहपुर के पंकज जी की अहम भूमिका रही।

सड़क किनारे बैरकेटिंग से टकरा गयी अनियंत्रित बाइक

# सड़क हादसे में तीन युवक घायल, एक की मौत





नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ बीएनएस स्कूल के समीप निर्माणाधीन फोरलेन सर्विस रोड

### बाइक पर तीन लोगों का बैठना पड़ा महंगा, असमय युवक को गंवानी पड़ी जान

पर सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना मंगलवार की देर शाम की है। घायलों की पहचान रामपुर गांव के सत्येंद्र राम के 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, उसी गांव के सरयू राम के 21 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार व गुड़ी विगहा गांव के द्वारिका राम के 28 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र राम के रूप में हुयी है। बताया जाता है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बैरिकेटिंग से टकरा गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुदामा कुमार दास ने बताया कि तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही प्रकाश कुमार उर्फ छोटू की मौत हो गयी। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जूट गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना से गांव में भी शोक की लहर व्याप्त है।

गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझ रहा किडनी की बीमारी से ग्रस्त एहसान

# पीड़ित युवक के परिजनों ने सांसद से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत कबरा खुर्द गांव का 23 वर्षीय एहसान अख्तर विगत दो माह से किडनी प्रत्यारोपण के लिए गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती

### सरकार से हर संभव सहायता दी जायेगी : सांसद

हैं। किडनी प्रत्यारोपण में करीब 15 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। एहसान गरीब परिवार से आते हैं। इतना खर्च उठा पाना परिजनों के लिये संभव नहीं है। इससे परेशान परिजनों ने हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि ने मंगलवार को सांसद विष्णु दयाल राम से उनके मेदिनीनगर स्थित आवास पर ले जाकर परिजनों को मिलाया। पीड़ित के भाई फरहान अख्तर ने सांसद से अपनी फरियाद सुनाई। सांसद ने फरहान को सभी कागजात उपलब्ध कर मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि पैसे की कमी के कारण किडनी का प्रत्यारोपण नहीं रुकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया की उन्हें केंद्र सरकार से पूरी सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। सांसद के आश्वासन से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। परिजनों ने कहा कि सांसद से मिलकर उन्हें प्रतीत ही नहीं हुआ कि वे बड़े नेता से मिल रहे हैं। उनके व्यवहार ने सभी का दिल जीत लिया है। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह का भी आभार व्यक्त किया है। सांसद से मिलने वालों में आफताब अहमद, फैसल नेजामी भी शामिल थे।


सांसद को व्यथा सुनाते परिजन

किसी को मिला जॉब कार्ड तो किसी को तत्काल पेंशन की स्वीकृति, नागरिकों में खुशी

# आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम दिन 20 पंचायतों में शिविर

### बड़ी संख्या में लोगों ने आयुष्मान कार्ड हेतु अपना निबंधन भी कराया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन जिले के 20 प्रखण्डों के 20 पंचायतों, मेदिनीनगर नगर निगम के एक वार्ड व छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड एक में शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व की तरह ही आज भी विभिन्न पंचायतों में लगे शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। किसी को जॉब कार्ड तो किसी का ऑन स्पॉट पेंशन निर्गत किया गया। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने आयुष्मान कार्ड हेतु अपना निबंधन भी कराया। सभी शिविरों में सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास के काउंटर पर देखी गयी।.



शिविर में दिव्यांग बेटे के साथ पहुंची महिला

### ..और गुड़िया के चेहरे पर छा गयी खुशी

मंगलवार को सतबरवा के बकोरिया में लगाये गये शिविर में आयी गुड़िया देवी के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। दरअसल,गुड़िया देवी अपने दिव्यांग बेटे को गोद में लेकर शिविर में पहुंची थी। उन्होंने पेंशन के काउंटर पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर से अपने बेटे का पेंशन रुक जाने का कारण जानना चाहा तो बताया गया कि बेटे के बर्थ सर्टिफिकेट में त्रुटि व आधार नहीं रहने के कारण बेटे अमित का पेंशन रुका है। पेंशन के स्टॉल पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर ने गुड़िया देवी को आधार के काउंटर पर जाकर बेटे का आधार कार्ड बनवाने की सलाह दी। जिसके बाद गुड़िया देवी के दिव्यांग बेटे का आधार कार्ड ऑन स्पॉट बना दिया गया और एक्नॉलेजमेंट स्लीप भी दिया गया। इसके बाद बर्थ सर्टिफिकेट में मौजूद त्रुटि को भी दूर किया गया। गुड़िया ने खुशी का इजहार करते हुये कहा कि अब उनके बेटे को पेंशन मिलने लगेगा।

कार्डधारियों ने की कार्रवाई की मांग, जताई नाराजगी

# अंगूठा लगाकर डीलर ने नहीं दिया खाद्यान्न, रोष


रोष जताते कार्डधारी

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत डेवडर के पीडीएस डीलर गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष-सचिव पर कार्डधारियों ने मंगलवार को दिसंबर माह के राशन गबन का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की है। कार्डधारियों ने बताया कि डीलर के द्वारा ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया है, किंतु अभी तक राशन नहीं दिया गया है। राशन मांगने पर बोला गया कि अभी राशन नहीं मिला है बाद मे देंगे।, समूह द्वारा अभी तक दिसंबर माह का राशन भी वितरण नही किया गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लाभुक नारायण यादव,मंजू देवी, मीना देवी, मानो देवी, लालती देवी, रुबी देवी, राजमानिया देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, पूनम देवी,रिंकू देवी, पुनीता देवी, गीता देवी, प्रेमशिला देवी,कोशिल्या देवी, कोशीला देवी, मालती देवी, सुनीता देवी आदि ने बताया कि डीलर हमेश मनमाने ढंग से राशन वितरण करता है। कभी भी नियमित रूप से राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष मैमून बीवी ने बताया कि दो-चार दिन में सभी कार्डधारियों को राशन वितरण कर दिया जायेगा।इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जांचोपरांत समुचित कार्रवाई की जायेगी।

# सहायक अध्यापकों ने बनायी सीएम आवास घेराव की रणनीति

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री आवास घेराव करने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष ललन साहू की अध्यक्षता में बैठक की। बीआरसी भवन के प्रांगण में मंगलवार को आयोजित बैठक का संचालन असगर अंसारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये महेंद्र मेहता ने कहा कि हमलोग चट्टानी एकता के साथ 28 दिसंबर मंगलवार को रांची मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। शालेह आरा ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नही की गयीं तो सभी मिलकर पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की तरह इस सरकार को भी गद्दी से उतार फेकेंगे। कृष्णा यादव ने सरकर को चेतावनी देते हुये कहा कि अब आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगी। सड़क से सदन तक संघर्ष किया जायेगा। बैठक में मो. हकीम, रिंकू कुमारी, उर्मिला देवी, गीता देवी, सुनैना देवी, सुषमा देवी, अरविंद सिंह, सीताराम,यशवंत यादव, विदेशी राम, विजय कुमार राम, अजय पाठक,अरुण साव, संजय बैठा, सरवन राम , लीलू सिंह, राजेंद्र सिंह, अमरेश यादव, मुकेश कुमार सिंह, सुनील कुमार गांधी,अशोक यादव, मो. हबीब आदि मौजूद थे।


रणनीति बनाते सहायक अध्यापक

### विधायक ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर पंचायत के चेतमा गांव में विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने बाबा क्लब के अध्यक्ष चंद्रकांत उपाध्याय के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान विधायक पुष्पा देवी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्यायों का समाधान भी किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बढ़ते ठण्ड को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुजुर्गों-असहायों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। ताकि लोग ठंड से बच सकें। मौके पर वचन उपाध्याय, सरदारी उपाध्याय, विपिन बिहारी दुबे, बबलू उपाध्याय, जनार्दन उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, कृष्ण उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह मौजूद थे।

### तकनीकी खराबी से गांवों के साथ शहरों में भी ब्लैक आउट

**हुसैनाबाद।** जीएम की पहल पर प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार शाम 20 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। इससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। मालूम हो कि हुसैनाबाद शहर के दातानगर के समीप 33 हजार केवीए के रेलवे अंडर पास से गुजर रहे केबुल तार में सोमवार की देर शाम अचानक टेक्निकल फॉल्ट आने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गई थी। बिजली नहीं रहने से परिक्षार्थियों को पठन-पाठन करने में भारी परेशानी उत्पन्न हो गयी थी। बताया जाता है कि इसकी सूचना मिलते ही विभाग के महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एक टेक्निकल टीम हुसैनाबाद भेजा। टेक्निकल टीम और जपला विद्युत विभाग की टीम इसे ठीक करने में युद्ध स्तर पर जुट गयी। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा इसे ठीक कर दिया गया है। मंगलवार की देर शाम तक बिजली बहाल कर दी गई। बताया जाता है कि एक सप्ताह पहले भी 18 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई थी। केबिल लगातार खराब होने से विभाग भी काफी परेशान है। इस मौके पर सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो,मानव दिवस कर्मी जितेन्द्र ठाकुर, संतोष के अलावा कई कर्मी मौजूद थे।

### कर्नल कप टूर्नामेंट के मुकाबले देखने पहुंच रहे खेलप्रेमी


टूर्नामेंट में प्रदर्शन करते खिलाड़ी

**हुसैनाबाद।** स्थानीय कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मैच सड़ेया बनाम काजीनगर के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट से करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सड़ेया ने काजीनगर को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। इसके साथ ही इस ग्रुप की दो और टीमें विश्वसीया और काजीनगर का सफर समाप्त हो गया है। मैच के पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह तथा जय प्रकाश ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हर दिन ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मैच देखने आ रहे हैं। मौके पर क्लब के राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, गुड्डू पाल, उदय सिंह, अनुज, प्रकाश, विकास कुमार, आशीष रंजन सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मनोहर सिंह, शुभम सिंह, पियूष पाठक, विंध्याचल सिंह मौजूद थे। बुधवार का मैच जपला बनाम लपेया के बीच खेला जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई–निविदा संख्या– SD/LATEHAR/13/2023-24 जिसका PRNO- 306791 Rural Development(23-24)D है तथा यह दिनांक–12.09.2023 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा के क्रमांक संख्या–02 के योजना को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR.NO.314298 Rural Development(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MDMANDAL/07/2023–24 दिनांक 26.12.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work of C/R and H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting arrangement shade and Platform of Ghaghari weir scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 49,58,700.00 (उनचास लाख अन्ठावन हजार सात सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 99,500.00 (निन्नावे हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2023 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 314368 (District) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-24/2023-24 दिनांक 26.12.2023

**(प्रथम कॉल)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work :- Utility Shifting of Raw and Clear Water Rising Main & Distribution Pipe lin e of Madheya, Rural Pipe Water Supply Scheme due to road Widening under D .W.&S. Division, Garhwa for the Year 2023-24. | |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) – 295.98123 (दो करोड़ पन्चानबे लाख अन्ठानबे हजार एक सौ तेईस रू0) | |
| 3 | अग्रधन की राशि (लाख में) – 2.96 (दो लाख छियानबे हजार रू0) | |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) – 10,000.00 (दस हजार रू0) | |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि – 06 (छः) माह | |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 05.01.2024 समय 04:00 बजे अपराहन् तक |
| 7 | प्री0–बीड की तिथि एवं समय – | 08.01.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची) |
| 8 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 18.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य – एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 10 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 19.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 11 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 12 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। | |
| 13 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 14 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 06561-2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा

PR 314384 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।**
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 17/2023–24 दिनांक 22.12.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | लावागाई | ग्राम माराडीह में सीताराम शर्मा के घर से मराडीह हाई स्कूल होते हुए विश्वजीत भारती के घर तक 0.358 की0मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1844200.00 | 5000.00 | 36900.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | | जीमा | ग्राम जीमा में गोसाई मसना से देवी महतो के बारी तक लगभग 0.532 की0मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2095100.00 | 5000.00 | 42000.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | | कोलसिमरी | ग्राम सुकुरहुटु में रन्थु उरॉव के घर होते हुए खलिहान टोली माडू उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण | 1899500.00 | 5000.00 | 38000.00 | 03(तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.12.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 05.01.2024/04:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 06.01.2024/04:00 बजे अपराह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 314343 (Lohardaga) 23-24 (D)



**MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**Daltonganj 822101, Jharkhand**
PH: + 9106562 231148, E-MAIL: municipalcouncil.medininagar@gmail.com

NIT No :- UDHD/MMC/18/2023-24 Date: 23/12/2023

**National Competitive Bidding (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF CONSULTANTS FOR PREPARATION OF DETAILED PROJECT REPORT (DPR) OF DIFFERENT PROJECTS UNDER THE MUNICIPAL CORPORATION MEDININAGAR (BEAUTIFICATION OF CITY , PARK , REJUNEVATION OF WATER BODIES DEVELOPMENT OF GREEN SPACES AND CONSTRUCTION OF BUILDINGS/ NALLAH/ ROADS AND ANY OTHER PROJECTS RELATED TO CITY ). |
| 2. | Mode of bid submission | Offline Tender |
| 3. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs. 5,000/-(*Rupees Five Thousand) only* ***(Non-Refundable)*** Earnest Money Deposit (EMD) : Rs. 25,000/- *(Rupees Twenty Five Thousand) only* |
| 4. | Date & Time of publication of Tender on website | 27/12/2023 |
| 5. | Last Date & Time of submission of Pre Bid queries | 08/01/2024 |
| 6. | Last Date & Time for submission of bids | 16/01/2024 Time – 02:00 PM |
| 7. | Last Date & Time of submission of EMD and Tender fee in form of Bank Guarantee/FDR and Tender Fee in form of Demand Draft of any Nationalized/ Scheduled Bank (Hard Copies) | 17/01/2024 (11:00 AM to 01:00 PM) |
| 8. | Date & Time of bid opening | 18/01/2024 (11:00 AM) |
| 9. | Bid submission address | Medininagar Municipal Corporation Municipal Corporation, Kutchery Campus Medininagar Municipal Corporation, (Daltonganj) Palamu, Jharkhand -822101. |
| 10. | Helpline no. | 8409756635 |

Note :- Further details are available on Jharkhand Government UDHD website & Nigam Office Notice Board.

Sd/-
Municipal Commissioner,
Medininagar Municipal Corporation

PR.NO. 314336 District(23-24):D

## एक नजर

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन से शोक

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पोलपोल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक छठू पांडेय का सोमवार की देर रात आवास पर ही निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एक माह पूर्व असंतुलित होकर गिर जाने के बाद से ही उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। लगातार इलाजरत रहने के बाद भी उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सोमवार सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी स्थिति और भी गंभीर हो गयी थी। देर रात वे परलोक गमन कर गये। मंगलवार को स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिनभर उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। उनके छोटे पुत्र सुनील पांडेय अध्यापक हैं।

### साइकिल वितरण का चेक मिलने से छात्राओं में उत्साह

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतबरवा प्रखंड के बकोरिया पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनाधिक छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिला। साइकिल वितरण योजना के तहत 4500-4500 रुपए का चेक पाकर छात्राओं में काफी उत्साह था। नवीं कक्षा की छात्राओं ने बताया कि इससे अब उन्हें स्कूल जाने में काफी सहुलियत होगी। छात्राओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से उन्हें इस योजना का लाभ उनके घर तक मिल रहा है। डिंपल कुमारी, बबीता कुमारी, प्रतिमा कुमारी सहित कई अन्य छात्राओं को सतबरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, सतबरवा सीओ, बकोरिया की मुखिया समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक सौंपा।

### सुदूर माहुर गांव में छठ पोखरा का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कादलकुर्मी पंचायत के सुदूरवर्ती माहुर गांव में जिला परिषद अंजू देवी ने 15 वें वित्त मद की राशि से छठ पोखरा सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को किया। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया अनिता देवी, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी व सीओ रणवीर कुमार ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर थाना प्रभारी अक्षय कुमार, बीपीओ चंद्रशेखर कुमार के अलावा विनोद यादव, इंद्रदेव यादव, मुंशी यादव, गौरीशंकर राम उपस्थित थे।


---

सर्दी-खांसी, बुखार का बढ़ गया प्रकोप, रहें सावधान

# तापमान में उतार-चढ़ाव से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक सप्ताह के अंतराल में तापमान में हुये उतार-चढ़ाव का नागरिकों के स्वास्थ्य पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। अनियमित मौसम के कारण सर्दी-खांसी व बुखार का प्रकोप बढ़ गया है। पांच दिन पूर्व से अचानक आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों के कारण ठंड का असर आंशिक रूप से कम हुआ है। तापमान में अचानक हुई मामूली बढ़ोतरी के कारण नागरिक तेजी से सर्दी-खांसी का शिकार हो रहे हैं। जिससे अस्पतला में काफी भीड़ देखी जा रही है। जरुरत है इस



उतार-चढ़ाव वाले मौसम से बचने का। इस दौरान जरा सी असावधानी बरतने पर बुखार के साथ ठंड व अन्य बीमारी लगने की भी शिकायतें आम हो गयी हैं। चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है। हालांकि मौसम के जानकारी आसमान साफ होते ही एक बार फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ने का पूर्वानुमान जता रहे हैं।

---

### पलामू में 18794 एमटी धान का उत्पादन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कृषि विभाग ने खरीफ वर्ष 2023-24 में धान का उत्पादन 18793.827 मिट्रिक टन होने का अनुमान जताया है। कृषि विभाग ने पलामू जिला आपूर्ति विभाग को संबंधित रिपोर्ट भेजी है। जिला आपूर्ति विभाग ने इस वर्ष पैक्सों के माध्यम से दो लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति करने का लक्ष्य रखा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति कुस्कू ने बताया कि इस वर्ष किसानों से धान क्रय करने के लिए 34 पैक्सों का चयन किया गया है। जिला कृषि विभाग ने जिला आपूर्ति विभाग को विभिन्न प्रखंडों में धान का संभावित उत्पादन की सूची उपलब्ध कराया है।

---

जय श्रीराम के घोष के साथ भक्तों ने किया अभिनंदन

# बैरिया हनुमान मंदिर पहुंचा पूजित अक्षत-कलश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या से आया पूजित अक्षत-कलश मंगलवार को शहर के बैरिया चौक स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा गया। इस दौरान भक्तों ने जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष के साथ अक्षत-कलश का स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा ने बताया कि पूजित अक्षत का एक कलश सूदना स्थित शिव शक्ति मंदिर से बैरिया हनुमान मंदिर में रखा गया है। जबकि दूसरा अक्षत कलश मंगलवार शाम पांच बजे छहमुहान स्थित काली मंदिर से कोयल नदी के किनारे स्थित शिवाला घाट ले



पूजित अक्षत ले जाते विहिप के पदाधिकारी

जाया जायेगा। दोनों पूजित अक्षत-कलश को बुधवार को किसी अन्य मंदिर में रखवाया जायेगा। अक्षत-कलश के दर्शन-पूजन को लेकर सनातन धर्मावलंबियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में विहिप के जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, अविनाश राजा, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, बजरंग दल के नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, रमाशंकर प्रसाद, रवि तिवारी आदि मौजूद थे।

---

भारत संकल्प यात्रा पहुंची पाटन प्रखंड के महुलिया-नावाखास गांव

# अंत्योदय तक विकास पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य : सांसद

**पीएम मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं को लाभुकों तक सीधे पहुंचाने का कार्य किया है : श्यामनारायण दुबे**

**पलामू सांसद मुखर होकर संसद में क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं :अविनाश वर्मा**


दीप प्रज्ज्वलित करते सांसद बीडी राम


कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन प्रखंड के महुलिया-नावाखास में भारत संकल्प यात्रा को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के साथ -साथ केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोदी सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनायें गांव, गरीब, दलित, आदिवासी, महिला, किसान व युवाओं को प्राथमिकता में रखकर चलाई जा रही है। जिसका लाभ उन्हें मिल भी रहा है,किन्तु बहुत लोग योजनाओं के लाभ से आज भी वंचित हैं। ऐसे गरीब लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास पहुंच सके। इसके पूर्व सांसद श्री राम ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था थी जो वर्ष 2023 में दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई है। अब भारत जल्द आने वाले समय में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। सरकार के सार्थक प्रयास से ही आज देश में 13 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा के ऊपर पहुंच गए हैं। यह गर्व की बात है। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी आज तक गरीबी उन्मूलन नहीं हो पाया। क्योंकि सरकारें बनती थी और भ्रष्टाचार बढ़ता जाता था। पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए धरातल पर योजनाओं को लाभुकों तक सीधे पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा नेता अविनाश वर्मा ने कहा कि पलामू सांसद कर्तव्य निष्ठा के साथ संसद में क्षेत्र की समस्याओं को उठाते रहते ही हैं। इतना ही नहीं मोदी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रत्येक पंचायत में घूम-घूम कर लाभुकों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सभी लोग अपने-अपने गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं को सभी लोगों को बताएं ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में शिवकुमार मिश्र, विजय ओझा, समर सिंह, ईश्वरी पांडे, कौशल कुमार, अर्जुन तिवारी,भोला पासवान, गोपाल पासवान, बृजेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, संतोष पांडे,बबन प्रसाद, राजेश बक्सराय, मनोज कुमार, मुखिया अनुराधा देवी,सुमन गुप्ता व पिंकी विश्वकर्मा मौजूद रहीं। संचालन संजय सिंह ने किया। इस दौरान गरीब जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण कर ड्रोन से खेतों में खाद का छिड़काव किया गया।

---

# लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में सोमवार की रात नावाटोली स्थित भुइयां टोली में 100 कंबल का वितरण किया गया। ठंड के प्रकोप को देखते हुए क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में लायन गुरवीर सिंह के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कई चौक-चौराहों एवं स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था के साथ लगभग 500 लोगों को चाय उपलब्ध कराया गया। गुरवीर सिंह ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर यथासंभव अपने स्तर से गरीब असहाय एवं मजबूर लोगों के बीच अधिक से अधिक सहायता पहुंचाने का काम करता रहेगा। साथ ही आगामी समय में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर यथासंभव दवा का भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सांकेतिक प्रयास के रूप में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। लायन डॉ. प्रवीण ने समाज के सक्षम वर्ग से इस ठंड को देखते हुए लोगों के सहयोग की अपील की। मौके पर रंजन अग्रवाल, सुमित पाठक, सचिव लायन आमुख प्रियदर्शी, लिली मिश्रा, पुष्पा चंद्र, अनुराधा मिश्रा, डॉ. रवीश, डॉ. अमित, डॉ. गौरव विशाल, डॉ. निशांत, डॉ. उदय, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, संजय अग्रवाल, शुभम, अनुप कुमार, मनोज सोनी, निलेश चंद्र, रंजीत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### एसोसिएशन ने वितरित किया कंबल

**उंटारी रोड।** दिसंबर माह में पड़ रही कड़ाके की ठंड लोगों की रूह कंपा दे रही है ।.समुचित संसाधनों के अभाव में गरीब-असहाय लोग ठंढ़ में कंपकंपाते हुये रात बिताने को विवश हैं। इसे देखते हुए झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पांडू एंव उंटारी रोड प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार से कंबल वितरण का कार्य शुरू किया गया है। पांडू एवं ऊंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि पूरे जनवरी माह तक कंबल वितरण का कार्य जारी रहेगा। मौके पर राजकुमार सिंह, मनोज सिंह, सकेंद्र कुमार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा,मो. सफी, उदित कुमार चौधरी, अमित चौधरी, लव कुश सिंह, तीर्थराज दुबे उपस्थित रहे।

---

# वीर बाल दिवस पर प्रेरणादायक एकांकी का मंचन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं छात्रों के साथ गुरू गोविन्द सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा प्रिया कुमारी एवं सृष्टी द्वारा अंग्रेजी में संबोधित किया गया। बारहवीं के छात्र आनन्द शंकर एवं ग्यारहवीं की छात्रा अनामिका ने गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले। विद्यालय के शिक्षक दिलीप मिश्रा द्वारा भी वीर बाल दिवस के आयोजन के कारणों पर प्रकाश डाला गया। फतेह सिंह व जोरावर सिंह के जीवन पर आधारित छात्रों द्वारा प्रेरणादायक एकांकी का मंचन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि पंजाबी में सिख शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द शिष्य से हुई है। जिसका अर्थ सीखने वाला या शिष्य होता है। सिक्खों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविन्द सिंह द्वारा धर्म रक्षा हेतु खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। इसी धर्म रक्षा हेतु उनके चारों साहिबजादों की शहादत हुई। धर्म रक्षा हेतु दिए गए बलिदान, धर्म परिवर्तन से श्रेष्ठ है। संचालन पूजा कुमारी एवं प्रिया ने किया।



एकांकी का मंचन करते स्कूल के बच्चे

---

कोट खास में 22 जनवरी को भव्य आयोजन के लिये समिति का गठन

# ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्रीराम दरबार की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज प्रखंड के ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण कोटखास में प्रखंडवासियों की बैठक हुई। इसमें ठाकुरबाड़ी मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पर चर्चा की गई। इसकी अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने की। बैठक में पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा पूजा समिति गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत, सचिव अवध किशोर राय, कोषाध्यक्ष संदीप प्रसाद सौंडिक, उपकोषाध्यक्ष सुदर्शन सोनी को चुना गया। महासचिव राम प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश लाल, संयोजक अनिल सिंह व ओमप्रकाश शौंडिक, संरक्षक शेखर शुक्ला व मुख्य संरक्षक पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को बनाया गया। बताया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या मे हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोट खास पंचायत भवन से सटे ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्रीराम, माता सीता, श्री लक्ष्मण सहित श्रीहनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य किया जाएगा। इसे लेकर कमेटी के सदस्यों व ग्रामीण में काफी उल्लास है। बैठक में राजन सिंह, जयराम तिवारी, बालकेश, सतीश मिश्रा, प्रवीण पासवान, सुभाष मिश्रा, मनोज मिश्रा, बबलू सिंह व अमित सिंह आदि उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक व अन्य

---

# गांव में पहुंची सरकार, जमा कराये आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बकोरिया पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 1207 आवेदन ग्रामीणों ने जमा किये। जिसमें सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 640 आवेदन आये। शिविर में मनरेगा के 85, आधार -आयुष्मान कार्ड के 23, राजस्व के 30, 15 वें वित योजना के 03, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के 18, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तीन सहित मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत केसीसी लोन के 30 आवेदन जमा किये गये। इससे पूर्व प्रमुख रीमा कुमारी, जिप सदस्य सुधा कुमारी,बीडीओ अभिषेक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण पदाधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, मो. अदनाम उपस्थित थे।

---

स्थायी कुलपति व प्रतिकुलपति के बिना पठन-पाठन बाधित, छात्र परेशान

# कठिन दौर से गुजर रहा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2009 में स्थापित नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इस समय अपने कठिनतम दौर से गुजर रहा है। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान में ना तो स्थायी कुलपति हैं और ना ही प्रति कुलपति। इससे विवि में पठन-पाठन का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। हाल में कुलपति के चार्ज में रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य हैं। वे हफ्ते में एक दिन 170 किलोमीटर यात्रा कर रांची से डालटनगंज आते हैं। देर शाम तक कार्यालय का काम निपटाकर वापस लौट जाते हैं। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति का पद खाली हुए 6 महीने से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। ऐसे में विवि की पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ही अस्त-व्यस्त हो गयी है।

### अस्थायी कुलसचिव व वित्तीय अधिकारी की तैनाती

इसके साथ ही विवि में अहम कुलसचिव व वित्तीय अधिकारी पद पर भी अस्थाई तैनाती की गयी है। 6 महीने के लिए या तब तक जब तक झारखंड लोक सेवा आयोग उनके स्थान पर किसी की नियुक्ति का अनुमोदन न हो ये पदाधिकारी दायित्व दे सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक अधिकारी की भी यही स्थिति है। इस सिलसिले में प्रभारी कुलपति डॉक्टर शांडिल्य ने बताया कि आवश्यक होने पर वे सप्ताह में दो दिन भी आ जाते हैं। जहां तक संभव हो आनलाइन भी कार्य निपटाते हैं।

---

धूमधाम से मना भाकपा का स्थापना दिवस

# वर्तमान में कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता बढ़ी : रूचिर



स्थापना दिवस मनाते भाकपा के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का 98वां स्थापना दिवस समारोह रेड़मा स्थित इप्टा कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ नारे लगाये। सभा की अध्यक्षता कृष्ण मुरारी दुबे ने एवं संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। इप्टा के साथियों ने क्रान्तिकारी गीत प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण के लिए एवं संविधान की रक्षा के लिए आज के समय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। आज देश के 73 प्रतिशत संपतियों पर एक प्रतिशत पूंजीपतियों का कब्जा हो गया है। वहीं देश के प्रधानमंत्री मोदी देश के चंद पूंजीपतियों का हिमायती बने हुये हैं। राज्य कार्यकारिणी सदस्य केडी सिंह ने कहा कि देश में कंपनी राज पुनः कायम हो गया है। एसएन नेहरू ने कहा कि भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के स्वर्णिम इतिहास को फिर से पिरोने की आवश्यकता है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में सरकार की अव्यवहारिक नीतियों के कारण प्रतिदिन दो किसान आत्महत्या कर रहे हैं। सभा को चन्द्रशेखर तिवारी, भोला सिंह, शमशुद्दीन अंसारी, सुषमा मुरमा, रामजन्म राम, प्रेम प्रकाश, सच्चिदानंद पाठक, प्रमोद पाठक ने संबोधित किया। मौके पर एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद, ललन सिन्हा,गणेश राम, करीमन पासवान, दिलदार सिंह, जीतन उरांव, राजेंद्र बैठा, फैजल अंसारी, गनौरी भुइयां, विरेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

---

## उपलब्धि

नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में पलामू के होनहारों का दबदबा

# बाल कराटेकारों ने तीन गोल्ड सहित नौ पदक झटके

**पलामू की टीम मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में वेस्ट बंगाल गई थी**


अध्यापकों के साथ विजेता कराटेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसनसोल वेस्ट -बंगाल में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में पलामू के बाल कराटेकारों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड सहित नौ पदक झटके। इनमे चार सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पदक जीतने वालों में संत मरियम विद्यालय के आर्यन राज ने गोल्ड, आर्यन कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह व आसिफ खान ने सिल्वर एवं आशीष कुमार शर्मा व अंकुश कुमार को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। वहीं इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी की बाल कराटेकार सृष्टि प्रिया व दीपिका कुमारी को गोल्ड एवं सृष्टि कुमारी को सिल्वर मेडल हासिल हुआ। बताते चलें कि दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 23 दिसंबर से आसनसोल इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। इसमें वेस्ट बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार,एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र,पंजाब, तमिलनाडु, केरल,गुजरात,नागालैंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। पलामू की टीम मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में वेस्ट बंगाल गई थी। टीम मैनेजर सेंसाई संध्या कुमारी एवं विनीत चौधरी थे। कराटेकारों की उपलब्धि पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखण्ड के अध्यक्ष एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### सर्वेश्वरी समूह ने किया कंबल का वितरण




**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के सदस्यों द्वारा स्थानीय वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच मंगलवार को कम्बल वितरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा समय-समय पर मानव मात्र की रक्षा के लिये जनउपयोगी कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कम्बल वितरण, अन्य खाद्य पदार्थ, मेडिकल कैम्प, स्वच्छता के लिये मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, विद्यालय में झाड़ू वितरण, पेयजल स्त्रोतों की सफाई, समाजिक कुरीतियां यथा नशाखोरी, स्पृश्यता, जातिप्रथा, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान सहित अन्य कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम्बल का वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा, जिसके अंतर्गत गांव व अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर जाकर वृद्धजनों, असहायों के बीच कम्बल वितरण किया जायेगा। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, राजेन्द्र यादव, प्रो. प्रशांत सहाय, नवनीत कुमार सिन्हा, नागेंद्र प्रसाद, वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, शिक्षक संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### हॉस्पिटल संचालक ने कंबल का किया वितरण

**मझिआंव।** शरद ऋतु में बढ़ते ठंड के ग्राफ को देखते हुए शिव महिमा केयर हॉस्पिटल खरसोता के संचालक डॉ राजकिशोर प्रसाद, डॉ दशरथ प्रसाद के द्वारा असहाय, गरीब बेसाहरा एवं अपने हॉस्पिटल के गरीब मरीजों के बीच 400 कंबल का वितरण किया। बताते चलें कि विगत कई वर्षों से संचालित शिव महिमा केयर हॉस्पिटल द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच शरद ऋतु में कंबल का वितरण किया जाता रहा है। शिव महिमा केयर हॉस्पिटल का संचालक डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि गरीबों को सेवा करना मेरा जीवन का मुख्य उद्देश्य है मैं जब तक हूं गरीबों को सेवा करने में मैं प्रतिबद्ध हूं। गरीबों को सेवा करने में मुझे सुख शांति समृद्धि मिलती है मैं आगे भी इसी तरह ईश्वर की कृपा से सेवा करता रहूंगा। मौके पर ओमप्रकाश मेहता, रामाधार पासवान सुनील राम तथा कई लोग उपस्थित थे।

### कीटनाशक खा किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** भंडरिया निवासी शिव प्रसाद महतो का पुत्र दिनेश प्रजापति ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि वह समाहरणालय में आदेश पाल का कार्य करता है और फिलहाल ब्लॉक कॉलोनी में रहता था। घटना के संबंध में बताया जाता है। दिनेश ने शराब के नशे में कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एसबीआई की एडीबी शाखा में लगा मुद्रा मेला, लोन की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

एसबीआई की एडीबी शाखा में मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया गया। मुद्रा लोन मेला में दुकानदार और छोटे लघु एवं मध्यवर्गीय दुकानदारों को इस योजना के तहत व्यवसाय शुरू करने और व्यवसाय बढ़ाने के लिए तीन प्रकार के मुद्रा लोन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। एसबीआई मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक उमाकांत ने बताया कि ब्रांच के ऑफर किए जाते हैं।आपको मुद्रा लोन कैसे मिलता है और मुद्रा लोन के लिए कैसे अप्लाई करें। उन्होंने बताया कि शिशु लोन के तहत, एक लाभुक की पचास हजार रुपए तक का लोन प्राप्त कर सकता है। ये लोन उन लोगों के लिए है जिन्हें कम फंड की जरूरत होती है। यह उन लोगों को दिया जाता है जो अभी अपना व्यवसाय शुरू कर रहे हैं। किशोर लोन के तहत, एक आवेदक पचास हजार से लेकर पांच लाख तक लोन प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार का लोन उन आवेदकों के लिए उपयुक्त है जो पहले ही अपना व्यवसाय शुरू कर चुके हैं, लेकिन इसे स्थापित करने के लिए कुछ और धन की आवश्यकता है। वहीं तीसरा लोन तरुण लोन है इसके तहत दुकानदार को पांच लाख से 10 लाख रुपये का लोन प्राप्त कर सकता है। यह उन लोगों को दिया जाता है जिनके व्यवसाय स्थापित हैं, लेकिन उन्हें अपने व्यवसायों को बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार, चंद्र प्रकाश दुबे, बाजार शाखा के रोहित, डेंटल शाखा के विवेक मौजूद थे।

# डीसी-एसपी ने की मंडल कारा में छापामारी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा मंडल कारा में मंगलवार को अहले सुबह जिला प्रशासन ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडये, अनुमंडल पदाधिकारीअशोक कुमार, एसडीपीओअवध यादव, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभरी सहित करीब एक सौ महिला पुलिस इस छापेमारी में शामिल थे। डीसी के निर्देश पर सभी वार्डों में जाकर अधिकारियों ने गहन जांच की, लेकिन इस छापामारी को लेकर कोई भी अधिकारी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। करीब 4 घंटे तक चली छापेमारी अभियान में किसी भी सेल में कुछ भी आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई। उपायुक्त से इसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से परहेज किया। जानकारी के अनुसार जेल में कैदियों को मिलने वाले सुविधाओं सहित अन्य बिंदुओं पर अधीक्षक के साथ विचार विमर्श किया गया एवं कई दिशा निर्देश भी दिये गये।

## पिपरडीह पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 1175 आवेदनों का त्वरित निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पिपरडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस रानी बाला, बीडीओ विकास कुमार, सीओ सुनील कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार, मुखिया उषा देवी, बीडीसी कृष्णा राम, उपमुखिया असगर अली ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कुल 2238 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 1175 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। 1063 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल पर अबूवा आवास योजना के 940, आयुष्मान कार्ड 130, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के 6, मनरेगा के तहत नये कार्य के 15, मनरेगा के तहत नया जॉब कार्ड, राशन कार्ड में संशोधन या नया 72, कंबल वितरण 11, सर्वजन पेंशन योजना के 24, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 8, आधार पंजीकरण के 8, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 1, पेयजल एवं स्वच्छता, पोर्टल नया पंजीकरण के 10, स्वास्थ्य जांच के 76, आजीविका एसएचजी आईडी कार्ड सहित कुल 896 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, प्रमोद कुमार, मुखिया पति भगवान राम, उपमुखिया असगर अंसारी, आप नेता मंटू पांडेय, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना परवीन, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोडिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, पंचायत राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक बिरेन्द्र यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, एसआरपी दीपशिखा, अस्तरुन निशा, सरोज सोनकर, भरत कुमार, पल्लवी चौबे, रोहित कुमार, विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 10 जॉब कार्ड का वितरण




**मेराल।** पूर्वी पंचायत भवन के परिसर में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीडीसी राजेश कुमार राय, प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ जागो महतो, सीओ जसवंत नायक, मुखिया राम सागर महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 1200 आवेदन आए। वहीं विभिन्न विभागों के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। पांच बिरसा सिंचाई कूप, पांच सोवायल हेल्थ कार्ड, दस जाब कार्ड, बीस कंबल का वितरण किया गया। पेंशन के लिए आए आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा अन्नप्राशन एवं गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लालमोहन ने किया। मौके पर बीडीसी छाया कुमारी, उप मुखिया, अली शेर अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, अतहर अंसारी, देवव्रत कुमार मेहता, विनेश कुमार मेहता, रामकुमार महतो, सोबरन मेहता, विनोद चौधरी, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, रोजगार सेवक निभा तिवारी, नाजीर सुनील कुमार, जेई आनंद कृष्णा आदि उपस्थित थे।

# 'सरसों-गेहूं बीज वितरण के नाम पर हो रही है खानापूर्ति'



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के किसानों को समय पर कृषि विभाग द्वारा सरसों और गेहूं बीज का वितरण नहीं किया गया है। किसान महंगें दर पर बीज खरीद कर गेहूं और सरसों फसल की बोआई की है। इधर कृषि विभाग कुछ किसानों को ही सरसों और गेहूं बीज देकर खानापूर्ति कर रहा है। उक्त बातें मंगलवार को जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा सरसों बीज और गेहूं बीज नहीं मिलने से किसानों की जेब पर अतरिक्त भार पड़ रहा है। प्रखंड कार्यालय में सरसों और गेहूं बीज सहित कीटनाशक दवा पड़ा हुआ है फिर भी किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे किसानों में नाराजगी है। प्रसाद ने कहा कि बीटीएम और बीडीओ की लापरवाही की वजह से सरसों और गेहूं बीज का वितरण प्रखंड के किसानों के बीच समय पर नहीं हो सका, जबकि सरसों बीज और गेहूं बीज प्रखंड कार्यालय का एक माह से शोभा बढ़ा रहा है। उन्होंने अविलंब मुकुंदपुर व परती कुशवानी पंचायत के किसानों के बीच सरसों बीज और पाचाडुमर और केतार के किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केतार प्रखंड कार्यालय को लगभग एक माह पूर्व ही 6 क्विंटल सरसों बीज और 50 क्विंटल गेहूं बीज उपलब्ध कराया गया था, लेकिन किसानों के बीच इसका वितरण नहीं हो सका है।

### डीलर पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप, बीडीओ को आवेदन

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के चौरा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ सह एमओ नंदजी राम को आवेदन देकर पीडीएस डीलर पर राशन कटौती करने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। बीडीओ को दिये आवेदन में उल्लेख किया है कि परसोडीह गांव के डीलर विशुनधारी बैठा द्वारा राशन वितरण करने में प्रति राशनकार्ड दो किलो राशन की कटौती किया गया है। लाभुकों द्वारा इसका विरोध करने पर लाभुकों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। लाभुकों ने डीलर पर कारवाई करने की बीडीओ से गुहार लगाई है। आवेदन देने वालों में उदय पटवा, दीपक कुमार,लखन राम, वंशी साह, मोहन राम, सतेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, शिव मेहता आदि मौजूद थे।

# नावाडीह गांव में तीन माह से खराब पड़ा है जलमीनार, पेयजल का संकट गहराया



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित दिलशाद अंसारी के घर के समीप पंद्रहवें वित्त की राशि से लगा जलमीनार पिछले तीन माह से खराब पड़ा हुआ है। इसके कारण ग्रामीणों के बीच पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण सबीना बीबी, रवीना बीबी, मोबिना बीबी, अफसाना बीबी सिराजुद्दीन अंसारी, रजीज अंसारी, तैयब अंसारी, दिलशाद अंसारी, हनीफ मियां ने बताया कि उक्त जलमीनार तीन माह से खराब है। मुखिया और पंचायत सचिव से जलमीनार बनवाने के लिए कई बार गुहार लगाई लेकिन जलमीनार की मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे हम लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुखिया से जलमीनार मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। इस संबंध में मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि जलमीनार का स्टाटर खराब है। एक सप्ताह के भीतर जलमीनार की मरम्मत करा दी जायेगी। पंद्रहवें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था, जल्द ही जलमीनार की मरम्मत कराई जायेगी।

## परसोडीह में कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 21 से

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव के हाई स्कूल के मैदान में शहीद नीलांबर-पीताम्बर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 21 जनवरी से किया जायेगा। क्रिकेट टूनार्मेंट का सातवां सीजन का आयोजन को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक नागेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। संजय वर्मा को अध्यक्ष, लव वर्मा को उपाध्यक्ष, देव कुमार ठाकुर को सचिव, सतेन्द्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ एके मौर्य, बिंदेश्वरी प्रसाद, अजय वर्मा, नागेंद्र ठाकुर को संरक्षक बनाया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन पुर्व मुखिया अनील पासवान के देख-रेख में कराया जा रहा है। विजेता टीम को 25 हजार रुपये और विजेता ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 20 हजार रुपये और उप विजेता ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जायेगा।

# भाजपा की मंडल कार्यकारिणी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भाजपा मंडल इकाई के द्वारा मंडल कार्यालय भवनाथपुर में सांगठनिक विस्तार एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा हेतु भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा की वर्तमान कार्यकलापों पर चर्चा हुई और युवा मोर्चा का विस्तार करते हुए सभी 9 पंचायतों से युवाओं का चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें शैलेश कुमार चौबे को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष निरंयु कुमार पाठक और दयानंद प्रजापति, महामंत्री अंकित कुमार सिंह, ज्वाल पासवान, मंत्री रामसूरत राम, दयानंद यादव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पासवान, शोसल मीडिया प्रभारी मनोज कुमार रजक, आईटी सेल प्रभारी चमन कुमार सिंह, संयोजक प्रियंका देवी सह संयोजक नवनीत कुमार यादव को बनाया गया। वहीं 21 लोगों को कार्यसमिति में शामिल किया गया। मौके पर भाजयुमो जिला कमेटी से भवनाथपुर प्रभारी के रूप में आये राजु रंजन पासवान, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी भगत दयानंद यादव, जिला मंत्री मधुलता कुमारी, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, संजय यादव, अनिल चौबे, मनोज सिंह, विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, बिपिन चौबे, दयानंद सोनी, ब्रजेश चौबे, मोतीलाल पासवान, प्यारेमुहम्मद अंसारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता गुप्ता, सरिता विश्वकर्मा, रेखा देवी, निरंजन पाठक, सुधीर सोनी, शैलेश चौबे, नवनीत यादव, ज्वाला पासवान, मनोज रजक, पंकज साह, संजय ठाकुर, संजय गुप्ता, उमेश वियार, दयानंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

**पहल** रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा को पहले स्थान पर लाने की जरूरत : सीएस

# डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर 23 यूनिट रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर एक सप्ताह तक चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन गढ़वा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार सभी सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड उपलब्ध कराने की योजना है। इस तरह की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा जिले को पहले पायदान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह गढ़वा सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट को भी विकसित करने की भरपूर कोशिश करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने कहा कि राधा बाबू की प्रेरणा से आज डॉक्टर पतंजलि केसरी रक्तदान जैसे पुणित कार्य को कर रहे हैं। इसमें हम सभी को अपेक्षित सहयोग करना चाहिए।

डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर पतंजलि केसरी के रक्तदान के प्रति इस तरह के सराहनीय कार्य को आगे बढ़ाने में हमेशा सहयोग करते रहना है। आईएमए के सचिव डॉक्टर कुमार पंकज प्रभात ने कहा कि रक्तदान कर किसी की जान बचाने के बाद जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। रक्तदान शरीर द्वारा रक्त बनाने की प्रक्रिया को भी तेज कर देता है। रक्तदान की आदत कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों के खतरे से भी बचा सकता है। आर.पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि ब्लड बैंक में पहली बार एक साल में एक हजार यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। यह बहुत ही हर्ष की बात है। किसी भी व्यक्ति की ब्लड नहीं मिलने के कारण मृत्यु नहीं हो, इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी दिन-रात कार्य कर रही है। वर्तमान में रक्तदान के क्षेत्र में पूरे झारखंड प्रदेश में गढ़वा का दूसरा स्थान है। हमलोगों को यह कोशिश करनी है कि पूरे झारखंड में गढ़वा का प्रथम स्थान आए। इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हम सभी को आज से ही पुरजोर कोशिश शुरू कर देनी चाहिए। डॉ. रेयाज अहमद ने कहा कि रक्तदान से नई जिंदगी मिलती है। ब्लड की कमी से जूझ रहे लोगों को रक्तदान उपलब्ध कराना एक तरह से उन्हें नहीं जिंदगी देना है। उक्त के अलावा नीमा अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार, सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह, विनोद कमलापुरी, डॉक्टर संजय केसरी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मंच का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया। रक्तदान करने वालों में मोहम्मद शमीम, संगीता कुमारी, अब्दुल मन्नान, सुनील कुमार कुशवाहा, रत्नेश कुमार रंजन, साक्षी कुमारी, नूरे आलम, मिस्टर विजय, मोहम्मद इश्तियाक, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद तौहीद रजा, मोहम्मद जावेद, सुधीर कुमार सिंह आदि शामिल थे। मौके पर दिव्य प्रकाश केशरी, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद तिवारी, मो. इकराम, रविंद्र नाथ ठाकुर, अर्थव केसरी, ब्लड बैंक के मोटिवेटर प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन रामजी रवि, प्रदीप पासवान आदि उपस्थित थे।

# ट्रक में लगी आग, ड्राइवर व खलासी बाल-बाल बचे



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

एनएच 75 पर मेराल थाना के सेट मस्जिद के पास ट्रक में आग लग गई। यह घटना लगभग दोपहर के 4 बजे की है। ट्रक ड्राइवर अर्जुन कुमार ने बताया कि अचानक इंजन में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। गाड़ी बिहार के औरंगाबाद के रजनीश कुमार की बताई गई है। ट्रक में खलासी कश्मीर कुमार नमक युवक भी सवार था। आग लगने से ट्रक का अगला भाग धू-धू कर जलने लगा। इसी क्रम में आसपास के लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़ पड़े। तब तक ड्राइवर और खलासी गाड़ी से भागने में सफल रहे। किसी तरह लोगों ने आग पर काबू पाया।

## विवाद में पति की पिटाई से 30 वर्षीय महिला की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के घाघरा टोला में बीती रात्रि पति पत्नी के आपसी विवाद में शराब के नशे में की गई पिटाई से अजित सिंह के तीस वर्षीय पत्नी सबिता देवी की मौत हो गई। मौत की खबर पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंच कर शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढवा भेज दिया गया है, जबकि आरोपी अजित सिंह को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। अभी तक मृतका के पिता राजमन सिंह द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत की गई है। घटना स्थल पर प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन यादव, एएसआई प्रभु मेहता, पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे व पुलिस बल साथ में शामिल थे।

## एक नजर

### 1 जनवरी से डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगा

**महुआडांड़।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स ऐसोसिएशन झारखंड राज्य के बैनर तले अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 1 जनवरी से महुआडांड डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगी। महुआडांड़ डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना संघ ने लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दे दी है। बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, सुचीत प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, शेरू खान, रोहित कुमार, आनंद प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, बसंत प्रसाद, प्रितीश कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, रौशन बेगम, राहुल कुमार, कामेश्वर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**बारियातु।** पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में बारियातु फुलसु चार मोहान के समीप एनएच 22 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक बिना हेलमेट पहन कर चला रहे बाइक को पुलिस ने जब्त किया। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेश कुमार लेंबु सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### भाकपा ने मनाया स्थापना दिवस

**चंदवा।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को पार्टी का 98 वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय में मनाया। पुराने साथी महेश लोहरा व प्रकाश गंझू को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमोद कुमार साहू, अंचल सचिव अनिल साहू, मो अलाउद्दीन, इंदु भूषण रजक, प्रकाश गंझू, महेश लोहरा, गोविंद गंझू, सूरज गंझू आदि मौजूद थे।

### चंदवा में हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन

**चंदवा।** हाई स्कूल खेल स्टेडियम में भारतीय हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, वरीय समाज देवी प्रेम शंकर भगत, शौंडीक जायसवाल समाज अध्यक्ष प्रमोद साहू, आयोजक उमेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर समाजसेवी प्रेम शंकर भगत आदि मौजूद रहे।

### पटवन में लगे मशीन व साइकिल की चोरी

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पहरा गांव में पटवन करने के लिए लगाए गए मशीन व साइकिल की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है। भुक्तभोगी पहरा गांव निवासी बिनोद कुमार गुप्ता, जगदीश राम, मुंगेश्वर ठाकुर, गोखुल साव ने थाना में अज्ञात चोरो के विरुद्ध आवेदन दिया है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### एनटीपीसी परियोजना निदेशक ने किया दौरा

**टंडवा।** मंगलवार को एनटीपीसी लिमिटेड के परियोजना निदेशक के शनमुघा सुंदरम ने टंडवा प्रखंड अंतर्गत नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना का दौरा किया। जहां परियोजना प्रमुख ने निदेशक का स्वागत किया। परियोजना में निर्माणधीन यूनिट दो व तीन का जायजा लिया और एनटीपीसी अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कोल कन्वेयर बेल्ट निर्माण का मुयायना कर जुड़ी समस्याओं का निष्पादन का निर्देश अधिकारियों को दिया।

---

मुख्यमंत्री ने 470 करोड़ की योजनाओ का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करने के साथ परिसंपत्ति का किया वितरण, कहा

# गांव का विकास कर ही विकसित राज्य बनेगा झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया**

जिले के सिमरिया प्रखंड में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 470 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्य मंत्री ने सिमरिया कार्यक्रम स्थल से 137 करोड़ के 161 योजनाओं का शिलान्यास व 112 करोड़ के 241 योजनाओं का ऑन लाइन उद्घाटन किया। वहीं मौके पर 221 करोड़ की परिसंपत्तियों का 11 लाख 37000 लाभुको के बीच वितरण किया। साथ ही कई कर्मियों को नियुक्ती पत्र भी दिया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल चतरा की 8, भवन प्रमण्डल चतरा की 5, एनआरईपी चतरा की 5, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा की 1, पथ प्रमण्डल चतरा की 1, जिला परिषद चतरा की 141 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसकी लागत 137 करोड़ 01 लाख 05 हजार 282 रुपये हैं। जबकी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल चतरा की 9, भवन प्रमण्डल चतरा की 5, एनआरईपी चतरा की 36, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा के 87, पथ निर्माण विभाग चतरा की 5, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा की 1, जिला परिषद चतरा की 96, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 2 योजनाओं का उदघाटन किया। जिसकी लागत 112 करोड़ 79 लाख 25 हजार 245 रुपये की है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव के विकास की आवश्यकता जताते हुए कहा कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक झारखंड विकसित राज्य नहीं बन सकता है। इसीलिए सरकार ने सबसे पहले गांव को विकसित करने का संकल्प लिया है। वहीं इस अवसर पर राज्य के श्रम मंत्री सह चतरा विधायक सत्यानंद भोक्ता ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद व अधिकारियों को पारंपरिक तरीके से स्वागत भी किया। मौके पर झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त), मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिले के उपायुक्त अबु इमरान तथा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन आदि पदाधिकारी मौजूद थे।



#### 25 हजार पौधे बांटे

सिमरिया करबला मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के बीच 25000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। डीसी अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और एसडीओ सन्नी राज ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधे दिये। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से सहेज कर लगाने की अपील की ताकि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने में हमारा प्रयास सफल हो। उन्होने आगे कहा कि ग्रामीण पेड़ काटने के प्रति अधिक और लगाने के प्रति कम ध्यान दे रहे हैं। जंगल उजड़ रहे हैं जिसके कारण वर्षा की कमी और प्रदूषण फैलने से बीमारी की चपेट में हम आ जा रहे हैं। सभी लोग अपने-अपने घरों में अधिक से अधिक पौधा लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। डीसी के आह्वान पर लोग पौधा लेने के लिए उमड़ पड़े।

### भारतीय जनता पार्टी ने दिया टेंशन, हेमंत ने दी पेंशन : श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर।** हेमंत सरकार के गठन के साथ ही भाजपा ने सिर्फ और सिर्फ टेंशन देने का काम किया है, जबकि हेमंत सरकार झारखंड के वृद्ध महिला-पुरुष अर्थात सभी वर्ग को सर्वजन पेंशन देने का काम किया है। यह योजना स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। उक्त बातें झारखंड सरकार के श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिले के सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित करबला मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में कही। उन्होंने आगे कहा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया की पेंशन के लिए अब बहुत कम आवेदन आ रहे हैं। सरकार सभी वर्गों के लिए बेहतर काम कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा की कभी गया से चतरा रेल लाइन तो कभी चतरा के उंटा में स्टील प्लांट का वादा किया जो टाय टाय फीस हो गया। आज राज्य में केंद्र प्रायोजित योजनाओं में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के लोग ज्यादा हैं, जबकि यहां के युवक-युवतियां बेरोजगार हैं। उन्होंने कन्यादान योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा अब एक दो पुत्री नहीं चार पुत्री होने पर भी सरकार सावित्रीबाई फुले योजना के तहत छात्रवृत्ति देगी। जबकि कन्यादान योजना के तहत सरकार तो राशि दे ही रही है। अब छठी करने के लिए भी सरकार 15 हजार रुपए देगी। वहीं जिले के सांसद आर्दश ग्राम टटरा पर चुटकी लेते हुए कहा कि वहां ना कुआं बना ना चुआं, ऐसे में क्या उम्मीद की जा सकती है।

### पंचायत प्रतिनिधियों को सीएम के कार्यक्रम में न्योता नहीं मिलने पर मुखिया संघ ने जताया खेद

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को निमंत्रण नहीं मिलने पर मुखिया संघ ने खेद व्यक्त किया है। संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने खेद व्यक्त करते हुए कहा की पंचायत में चल रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत में सफल बनाने में दिन रात लगे रहे। परंतु समापन के अंतिम चरण में राज्य के मुखिया के आगमन पर मुखिया सहित पंचायत प्रतिनिधियों को निमंत्रण नहीं देकर कार्यक्रम से दूर रखा गया है। इससे प्रतिनिधियों में निराशा है।

### बड़कागांव विधायिका ने की सीएम से विस्थापन आयोग की मांग



**टंडवा।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के कर्बला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़कागव विधायिका अंबा प्रसाद ने विस्थापन आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया की उतरी कर्णपुरा क्षेत्र खनिज संपदाओं से भरा है। क्षेत्र में एनटीपीसी, सीसीएल समेत दर्जनों अन्य कंपनियां कोयले का उत्खनन कर रही है। कंपनिया स्थापित होने से बड़कागांव एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा व पिपरवार क्षेत्र में हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। रैयतों व किसानों को ससमय नौकरी मुआवजा नहीं मिल रहा है। लोगों को बगैर विस्थापित, पुनर्स्थापित किए ही घर द्वार उजाड़े जा रहे हैं। कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार जल जंगल व जमीन बचाने की बात करती रही है। ऐसे में विस्थापन आयोग का गठन आवश्यक है। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अंबा प्रसाद के विस्थापन आयोग की मांग का समर्थन किया। सीसीएल एनटीपीसी केंद्र सरकार से नियंत्रित होती है, परंतु केंद्र सरकार मौन रहती है।

---

# जागो सरकार, सुनो पुकार, आरओबी का शिलान्यास हुए बीत गये ढाई साल

### टोरी में आरओबी निर्माण को लेकर पंसस का शोशल मीडिया अभियान जारी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन समपार पर आरओबी और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पंसस अयुब खान ने तीसरे दिन भी सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान चलाया। पोस्टर में लिखा था, जागो सरकार, सुनो पुकार, टोरी आरओबी का शिलान्यास हुए बीत गये ढाई साल! कामता पंसस सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने बताया कि टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण और फुट ब्रीज निर्माण शुरू कराने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का ध्यान इस ओर आकर्षित कर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है।



उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका हो गई है। यह एक बड़ा प्लेटफॉर्म है। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा दशकों से लगातार संघर्ष कर इस जनहित की मांग को रख रही है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेलमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, लसांसद, विधायक, रेलवे जीएम, डीआरएम तक अपनी बात पहुंचाई फिर भी यह कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसे शुरू कराने के लिए जिम्मेदारों तक पुनः इस मांग की ओर ध्यान खींचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। पलामू प्रमंडल की सबसे बड़ी समस्या है टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम की समस्या। केंद्र और राज्य सरकार एवं नेशनल हाईवे प्राधिकरण के उदासीन रवैये के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, शिलान्यास को ढाई साल बीतने पर भी अब तक फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाना काफी दुखद है। टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी अबतक शुरू नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया अभियान में प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया के साथी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र, नौजवान, किसान, आम जनता से सहयोग व समर्थन करने की अपील की है।

### 22 को चंदवा में कई कार्यक्रम आयोजित करेगा युवा भारत

**चंदवा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा को लेकर रविवार शाम जय हिंद पुस्तकालय में युवा भारत चंदवा की बैठक देव मोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। युवा भारत के रविराज ने कहा कि पूरा हिन्दू समाज इस विशेष पूजा में न सिर्फ शामिल होना चाहता है बल्कि इस हेतु हो रहे कार्यों में भी योगदान करने को आगे आ रहा है। आरएसएस के राजेश चंद्र पांडेय ने कार्यक्रम की भव्यता पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम ऐसा हो जिसे लोग कई वर्षों तक ना भूल पाये। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि हम इस महान अवसर के साक्षी बनेंगे।

मौके पर लाल कौशल नाथ शाहदेव, सुमित वरु, विनय कुमार रिक्की, कुलमान साव, शिवकेश्वर यादव, श्रवण गुप्ता, मनीष गुप्ता, दीपक निषाद, प्रदीप ठाकुर, संतोष प्रसाद, विजय कुमार, मंटू सोनी, अक्षय कुमार, दारा सिंह, संदीप रजक, रंजन सिंह, पवन गुप्ता, अंकित कुमार, कुणाल खत्री, सचिन कुमार, वरुण जायसवाल, छोटू कुमार, गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### नौशाद बने झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ लातेहार जिला समिति ने नौशाद अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप जिम्मेवारी सौंपी है। जिला कमेटी ने उन पर कुशल सांगठनिक कार्यों से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा को चंदवा प्रखंड में मजबूती प्रदान करने में अपना अहम योगदान देने का भरोसा जताया है। इसपर नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ने स्वीकार किया। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया कि एक महीने के अंदर अपने सभी पंचायतों मे कमेटी का विस्तार कर उसकी सूची जिला समिति को प्रेषित करेंगे। पार्टी द्वारा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर नौशाद अंसारी ने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। साथ ही अपने नेताओं के मार्गदर्शन पर चंदवा प्रखंड में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने के बाद झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी, जिला सचिव मो मोनाजिर, जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव मो इजहार, मो सरफराज, शुभम कुमार गिरी, चंदवा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति आदि शामिल हैं।

### वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के वन विभाग की टीम ने सोमवार की शाम दो पीस साल चौपहल के साथ एक लकड़ी चोर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार वन विभाग के रेंजर शंकर पासवान को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी वनपाल नवीन कुमार प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की। वहीं एक चोर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार चोर की पहचान विनेश्वर भुईयां के रूप में हुई है।

## डीसी-एसपी ने सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लातेहार जिले के कुंदरी ग्राम में आगमन को लेकर मंगलवार को पुलिस लाइन में उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने अधिकारियों व पुलिस बल को ब्रीफ किया। इसमें कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को संवेदनशील होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्कतापूर्वक निगरानी रखने एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ अपने ड्यूटी स्थल पर ससमय उपस्थित रहने एवं कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत निर्देश मिलने के बाद ही प्रतिनियुक्ति स्थल छोड़ने का निर्देश दिया। इस दौरान उप समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



---

**पहल** मुखिया घूम रहे गांव-गांव, ताकि आवास से कोई वंचित न रहे

# लाभुकों को मिलेगा बिचौलियों से छुटकारा

**मयूरहंड(चतरा)हिमांशु सिंह**

जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगावा के मुखिया मंजित सिंह व गठित टीम के सदस्य लगातार गांव-गांव घुम कर अबुआ आवास लाभुकों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। मंगलवार को मुखिया व टीम के सदस्यों ने बाराडीह गांव पहुंच नामित लाभुकों के आवास का भौतिक सत्यापन किया, ताकि कोई भी जरुरत मंद गरीब लाभुक आवास से वंचित ना रह सके।



ज्ञात हो कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आयोजित शिविर में लगभग एक हजार लाभुकों द्वारा अबुआ आवास के लिए आवेदन जमा किए गए थे। जिसमें योग्य व अयोग्य के अलावा प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित लाभुकों का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसका सत्यापन करने के लिए मुखिया सिंह गांव-गांव घर-घर जाकर योग्य लाभुकों का चयन कर जिओ टैग गठित टीम के माध्यम से करवा रहे हैं। ताकि पंचायत क्षेत्र के कोई भी योग्य लाभुक आवास से वंचित ना रह सके।

मुखिया के इस कार्य की पंचायत वासियों ने सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से योग्य लाभुकों को लाभ मिलेगा और बिचौलियों से भी छुटकारा मिलेगा। गठित टीम में मुखिया, पंसस, कनिय अभियंता सह पर्यवेक्षक छोटू कुमार, पंचायत सचिव चंदन कुमार शामिल हैं। अभियान में उप मुखिया उपेंद्र कुमार दांगी, वार्ड सदस्य सुमन दास आदि शामिल थे।

### डीसी, एसपी ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के नेतृत्व में मंगलवार को लातेहार मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में सहयोग के लिए कुल आठ टीमें बनाई गई थीं। जिला प्रशासन की टीम द्वारा मंडल कारा के अंदर प्रत्येक वार्ड एवं सेल की जांच की गई। इस छापेमारी से जेल में बंद बंदी में हड़कंप मच गया और बंदियों में बेचैनी बढ़ गई। जांच करने आये अधिकारी सहित पुलिसकर्मियों ने काफी बारीकियों के साथ जांच की। हालांकि इस छापेमारी के दौरान टीम को कुछ नहीं मिला। गौरतलब है कि लातेहार मंडल कारा में कई हार्डकोर नक्सली सहित अपराधी गिरोह जेल बंद है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MDMANDAL / 08 / 2023–24 दिनांक 26.12.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work of C/R and H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting arrangement shed and Platform of Harhi weir scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 34,71,000.00 (चौतीस लाख इकहत्तर हजार) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 69,500.00 (उनहत्तर हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2023 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 314375 District(23-24)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MDMANDAL / 09 / 2023–24 दिनांक 26.12.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work Of C/R And H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting Arrangement And Platform Of Launga Weir Scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 19,56,850.00 (उन्नीस लाख छप्पन हजार आठ सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 39,500.00 (उनचालीस हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2023 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 314373 District(23-24)#D

## एक नजर

### वन विभाग ने हनुमान प्रतिमा का निर्माण रोका

**गुमला।** जिला अंतर्गत बसिया थाना स्थित बिरकेरा सागर धाम में हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण कार्य स्थानीय वन विभाग ने रोक कर निर्माण सामग्रियों को जब्त कर लिया। इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग आक्रोशित हो गए। जिला विश्व हिंदू परिषद के मंत्री केशव चंद्र सहाय, सत्यनारायण चंद्रशेखर महाराज आदि ने बाजार टांड में बैठक कर कहा कि हिंदू समाज के लोगों को अल्पसंख्यक के रूप में तब्दील कर किया जा रहा है। यह स्वयं हिन्दू समाज की कमजोरी है जिसे, हमें ही एकजुट होकर दूर करना होगा। क्योंकि हम हिंदू समाज विभिन्न जातियों में बैटे हुए हैं, जिसका फायदा विरोधी लोग उठा रहे हैं। फूट डालो राज करो की नीति अपना रहे हैं। यह एक षड्यंत्र का एक हिस्सा है, जिसे विरोधी लोग कर रहे हैं। फलस्वरूप हिंदुओं पर चारों तरफ से हमला किया जा रहा है और हमारे पूजा स्थलों का अस्तित्व मिटाया जा रहा है जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे और अपने विरोधियों से हमें लड़ना है और विजय होना है। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग के लाख रोकने और विरोध के बावजूद बिरकेरा सागर धाम में और उक्त निर्माण स्थल पर ही हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण कर उसे इस स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में वनपाल लिवनुस कुल्लू ने बताया कि बिरकेरा सागर धाम उक्त निर्माण स्थल वन विभाग के अंतर्गत आता है और उक्त स्थान पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। इसलिए उक्त निर्माण कार्य को फिलहाल बंद कर उक्त निर्माण से संबंधी सभी सामग्रियों को वन विभाग द्वारा जब्त किया गया है।

### गुमला जिला मंडल कारा का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह, विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ, हेडक्वार्टर सार्जेंट मेजर के नेतृत्व में मंगलवार अहले सुबह जिला मंडल कारागार गुमला का औचक निरीक्षण किया गया, जिससे गुमला मंडल कारागार के कर्मियों और कैदियों के बीच एकाएक हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि उक्त जिला मंडल कारा गुमला से कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना गुमला पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह को थी, क्योंकि गुमला पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह बिना कोई ठोस प्रमाण या कारण के बिना वह कही भी अपने हांथ नहीं डालते हैं। इस पर कोई संशय या कोई किंतु परंतु नहीं है। यह अलग बात है कि उनके कार्यशैली जुदा है। फिलहाल उन्होंने सभी बातों को गुप्त रखा है, पर उन्होंने औचक निरीक्षण का फैसला यूं ही नहीं लिया होगा। इसके पीछे कोई विशेष बात तो जरूर होगी। बताया जा रहा है कि उक्त छापामारी के दौरान कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद किये जाने की सूचना हैं, लेकिन जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त आपत्तिजनक सामग्री बरामदगी की सूचना गुप्त रखी गई है। वैसे भी विभिन्न राज्यों की विभिन्न जिला कारागृह से गुटबाजी, मारपीट और हत्या की घटनाओं को नजर में रखते हुए एवं जिला मंडल कारा गुमला से भी कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर ही गुमला जिला कारा में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान औचक निरीक्षण छापामारी को काफी गुप्त रखी गई थी और विभिन्न वार्डो के लिये अलग-अलग छापामारी टीम का गठन किया गया था।

# सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर लोहरदगा से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ पर मोरहाबादी, रांची में 29 दिसंबर को होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से लाभुकों को भेजे जाने संबंधी बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा जिला से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं यथा; सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं को भेजे जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, इसमें कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मॉनिटरिंग, वाहन की व्यवस्था आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी



अमित कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### मुनिया उरांव को मिला कूप योजना का लाभ

सदर प्रखंड के भटखिजरी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में इरगांव गांव निवासी मुनिया उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि कुआं नहीं होने के कारण अपने खेत में सिंचाई के कार्य में बहुत दिक्कत होती थी। पहले नहीं मिल सका था। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो कुआं निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। लक्ष्मण ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

### सेन्हा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के सेन्हा प्रखंड के अरू पंचायत, सदर प्रखंड लोहरदगा के भटखिजरी पंचायत, कुडू प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत और



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड विकास केंद्र मधुबन में (वार्ड 21, 22 एवं 23 के लिए) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप, म्युटेशन अंतर्गत नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र समेत अन्य वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम प्रखंड/अंचल के पदाधिकारीगण व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### लालमुनि को मिला कूप योजना का लाभ

सदर प्रखंड के भटखिजरी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भटखिजरी गांव निवासी लालमुनि उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि कुआं नहीं होने के कारण अपने खेत में सिंचाई के कार्य में बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल



गया है तो कुआं निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। सही समय पर सिंचाई के अभाव में फसल को नुकसान होता था जिसका असर उत्पादन पर बहुत पड़ता था। लालमुनि ने योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

# सेन्हा में सड़क दुर्घटना में घायल हुए तीन युवकों में एक की मौत

## सोमवार देर रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीनों युवक हो गये थे घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा केरा झरिया नदी के समीप मोड़ में सोमवार देर रात ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इन्हें 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया, जिनमें दो रांची रिम्स रेफर किया गया था, परंतु घायल विकास उरांव पिता चरवा उरांव गुमला जिला के टोटो ग्राम निवासी की मौत हो गई। इस संदर्भ में परिजनों का कहना है कि सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मियों की लापरवाही के कारण मौत हुई है। लचर व्यवस्था के कारण इलाज विलंब से होने के कारण मौत हुई है। वहीं अर्जुन उरांव का रांची रिम्स में इलाज चल रहा है और गणेश उरांव सदर अस्पताल में इलाजरत है।



### गुमला में बाइक के गिरने से तीन घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बांसडीह मोड में बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से चेटर निवासी 14 वर्षीय कमला कुमारी, 16 वर्षीय रेशमी कुमारी और करमटोली निवासी बाइक चालक विकास माझी गिरकर घायल हो गई। घटना में रेशमी कुमारी को पैर में काफी चोट लगी, जबकि अन्य दोनों को हल्की चोट लगी है। घटना सोमवार की रात 8:00 बजे की है घटना के बाद सभी इलाज के लिए अस्पताल आए। बताया जाता है कि तीनों एक ही बाइक से बांसडीह क्रिसमस पर्व मनाने गए थे वहीं वापसी क्रम में बांसडीह मोड में अनियंत्रित होकर गिर गए।

### गुमला में बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुटो ससंग टोली के समीप बाइक सवार खंभा निवासी 16 वर्षीय रमिल उरांव पिता बरगी उरांव ने बाइक में सवार पुटो ससंग टोली निवासी 35 वर्षीय लछु मुंडा को टक्कर मार दिया। घटना में लछु मुंडा व उसके दो नाती घायल हो गए हालांकि दोनों बच्चे को हल्की चोट लगी जबकि लछु मुंडा का एक पैर टूट गया। वहीं रामिल उरांव के सिर व चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक बाइक में चार लोग सवार होकर घाघरा बाजार से अपने गांव खंभा जा रहे थे वहीं लक्ष्मण मुंडा अपने दो छोटे-छोटे नातियों को साइकिल में बैठा कर घर जा रहा था। तभी बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया। बाइक में सवार 3 अन्य लड़कों को चोट नहीं लगी।वहीं घटना स्थल से दो लड़के भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं लछु मुंडा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि रामिल उरांव को सिर ,चेहरा में गंभीर चोट लगने के कारण उसे होश नहीं आया इसके बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। लेकिन काफी रात होने के कारण परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए। मंगलवार की सुबह तक उसे होश नहीं आया है।

### गुमला में पैदल घर आ रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, टूटा पैर

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भलमंडा निवासी 50 वर्षीय जोसेफ खलखो गांव में दुकान से सामान खरीद कर अपने घर लौट रहा था तभी एक अज्ञात बाइक तेज गति से उसे टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में जोसेफ का एक पैर टूट गया वही परिजन उसे उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए घायल जोसेफ ने बताया मैं दुकान से सामान खरीदकर अपने घर लौट रहा था। तभी रात 7:00 बजे के करीब सामने से एक बाइक तेज गति से आई और मुझे टक्कर मार दी। बाइक चालक शराब के नशे में धुत था। इसके बाद वह घटनास्थल से फरार हो गया।

# स्कूलों में मनाया गया वीर बाल दिवस

**नवीन मेल संवाददासता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में पूर्व छात्रों के द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सूरज कुमार पांडेय, प्रांतीय बाल कार्य प्रमुख आरएसएस झारखंड, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिवअजय प्रसाद, सदस्य शोभा देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, पूर्व छात्र परिषद संयोजक मिथुन कुमार तमेड़ा, आलोक कुमार, कुणाल कुमार, सोनू राज, पवन प्रजापति, सुशांत रौशन, कुणालदीप कुमार, सत्यम सतलज, राजदीप श्रीवास्तव, वीणा तिवारी इत्यादि उपस्थित थे।




### वीर बाल दिवस मना


**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में धूमधाम से वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदारनाथ साहू एवं प्राधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने की। भैया बहनों के बीच क्विज प्रतियोगिया का आयोजन किया गया, जिसमें विवेकानंद ग्रुप के भैया बहन विजेता हुए। मौके पर डॉली कविता, प्रतिभा देवी, राजकिशोर उरांव, जय प्रकाश सिंह, चांदनी, प्रेमशीला उरांव, संध्या, मीना देवी, मालती आदि उपस्थिति थे।

### वीर बालक बलिदानी दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में वीर बालक बलिदानी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महेंद्र कुमार मिश्रा, आचार्य नंदकिशोर साहू, त्रिलोचन साहू आदि मौजूद थे।

# नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा थाना कांड संख्या 59/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त मंटू साहू (23) पिता ललित साहू ग्राम चेगरी, थाना पूसो, जिला गुमला को भंडरा पुलिस ग्राम भौरों की एक नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेज दिया। लड़की को सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सौंपा गया। इस संबंध में भंडारा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि नाबालिग युवती के परिजनों द्वारा भंडरा थाना में मंटू साहू पिता ललित साहू के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था। मंटू साहू के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



# कुडू उप प्रमुख के नेतृत्व में डीडीसी का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा के नए डीडीसी को बुक्के देकर एव अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मौके पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने क्षेत्र से जुड़ी कई जनसमस्याओं से डीडीसी को अवगत कराया। वही डीडीसी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि लोहरदगा के जनता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लोहरदगा जिला को विकास की पटरी पर लाना पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर हलीम अंसारी, तौफीक आलम, संजू तुरी, कमरूल इस्लाम, नौशाद आलम, सज्जाद अंसारी, जान मोहम्माद अंसारी आदि उपस्थित थे।




## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।

### आम सूचना

**(6th Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 10.01.2024 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 10.01.2024 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 314356 Urban Development(23-24)D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

### ई – अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– **05 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक 22.12.2023

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) अंक में | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 02/ STPKG -02/ 2023-24 | पी0 डब्लू0 डी0 पथ मदरसा से एरादोन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 17.135 कि0 मी0) | 11,98,82,600.00 | ग्यारह करोड़ अनठान्बे लाख बेरासी हजार छः सौ0 रू0 मात्र । | 09 माह | प्रथम |
| | | एन0 एच0 हेंजला मोड़ से चन्दलासो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.500 कि0 मी0) | | | | |
| | | रूद्र मोड़ से बारीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 6.130 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.01.2024 अपराहन 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी ।अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR314344 (Lohardaga)23-24*D


## पहल — प्रशिक्षण में कई प्रखंडों के प्रशिक्षणार्थी हुए शामिल

# लोकसभा चुनाव को लेकर दी गई ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इसमें जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा प्रथम पाली में थीम-4 अंतर्गत मतदाता सूची, ईआरओ नेट, स्वीप, आईटी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दूसरी पाली में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, उप निर्वाचन



पदाधिकारी नारायण राम द्वारा थीम-5 अंतर्गत ईवीएम एवं वीवीपैट, चुनाव सामग्री, डाक मतपत्र/ईटीपीबीएस, गिनती और परिणामों की घोषणा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी के रूप में किस्को, लोहरदगा सदर, कुडू, पेशरार और कैरो प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर शामिल हुए।

### सुंदरू व टाटी में विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखंड के सुंदरू एवं टाटी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया।

# जय श्रीराम' का नारा लगाती अयोध्या की तीर्थयात्रा पर निकली मुस्लिम महिला

**नवीनमेल संवाददाता**



**मुंबईः** राम की कट्टर भक्त और स्वयंभू सनातनी शबनम शेख ने मुंबई से अयोध्या तक पदयात्रा शुरू की। श्री राम की पताका लेकर वह सौ किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर चुकी हैं। रास्ते में श्री राम के भक्तों के साथ उनकी , 'जय श्री राम' का नारा लगाते हुए वीडियो तेजी से ऑनलाइन प्रसारित हो रहे हैं। शबनम नियमित रूप से अपनी ट्रैकिंग यात्रा को इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं, जिससे उन्हें काफी सराहना मिलती है। बनम शेख ने कहा, जय श्री राम। श्री राम का साक्ष्य देना मेरे जीवन का उद्देश्य है, इसलिए मेरी अयोध्या यात्रा है।₹ उनके प्रयास को दोस्तों, हिंदुओं और हिंदू संगठनों के सदस्यों से समर्थन मिलता है, जो राम को देखने की खोज में इस्लाम में जन्मी इस युवा महिला के पीछे एकजुट हो रहे हैं। राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान, राम लला की स्थापना के साथ-साथ धार्मिक समारोह देशभर में 500,000 मंदिरों की शोभा बढ़ाएंगे। आरएसएस के अधिकारी इन कार्यक्रमों की देखरेख करेंगे,
जैसा कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत रॉय ने पुष्टि की है, उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों से देश भर के प्रत्येक मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का आग्रह किया है। 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने राम मंदिर विवाद को हल कर दिया, और प्रतिष्ठित राम जन्मभूमि पर इसके निर्माण को मंजूरी दे दी।

# जवान करन सिंह के परिजनों को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा गया

**एजेंसी**



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने जम्मू-कश्मीर में बलिदान हुए जवान करन सिंह यादव के परिजनों को मंगलवार को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। सचान ने वीर जवान के परिजनों को सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। एक दिन पहले सोमवार को वीर जवान का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिछले हफ्ते करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान बलिदान हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीर जवान के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊपुर माधौसिंह निवासी बालकराम का 30 वर्षीय पुत्र करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर में तैनात था। पुंछ हमले में करन सिंह यादव समेत चार जवान बलिदान हो गए थे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री सचान परिजनों से मिले और 50 लाख का चेक सौंपा। सचान ने ग्राम भाउपुर माधौसिंह के बाहर वीर जवान के नाम पर गेट का निर्माण कराये जाने, चौबेपुर बिठूर मार्ग से ग्राम भाउपुर माधौसिंह जाने वाले सम्पर्क मार्ग का नाम वीर जवान के नाम पर करने और भाउपुर माधौसिंह ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर शहीद के नाम पर पार्क का निर्माण कराये जाने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सूरज यादव, उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लाम्बा, तहसीलदार बिल्हौर तिमराज सिंह, नायब तहसीलदार चौबेपुर, क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर मौजूद रहे।

# राज्यपाल विवि के दीक्षांत समारोह के खिलाफ जा सकते हैं अदालत

**एजेंसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस 24 दिसंबर को कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय में विवादास्पद दीक्षांत समारोह के खिलाफ अदालत में जाने पर विचार कर रहे हैं, जो कथित तौर पर राज्यपाल की सहमति के बिना किया गया था, जो कोलकाता में सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। कोलकाता में राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि जिस कानूनी आधार के तहत राज्यपाल का कार्यालय अदालत का दरवाजा खटखटाने पर विचार कर रहा है, वह वितरित प्रमाणपत्रों पर जेयू के अंतरिम कुलपति बुद्धदेव साव के हस्ताक्षर हैं। विवाद यह है कि, जैसा कि अंदरूनी सूत्रों ने कहा है, दीक्षांत समारोह के दिन जो प्रमाणपत्र वितरित किए गए थे, उनमें साव के हस्ताक्षर कैसे थे, क्योंकि उन्हें राज्यपाल ने जेयू के अंतरिम कुलपति की कुर्सी से पहले ही हटा दिया था। सोमवार को ही राज्यपाल कार्यालय ने जेयू अधिकारियों से उस कानूनी आधार पर स्पष्टीकरण मांगा था, जिसके तहत रविवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। मुख्य प्रश्न यह है कि बुद्धदेव साव दीक्षांत समारोह के आयोजन के बारे में निर्णय कैसे ले सकते थे और इसके लिए आवश्यक लागत को मंजूरी कैसे दे सकते थे क्योंकि उन्हें अंतरिम कुलपति की कुर्सी से हटा दिया गया था।

# भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है सिख और हिंदू धर्म : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय :** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह मंगलवार को वीर बलिदान दिवस के अवसर पर बेगूसराय के श्री गुरु नानक शाही गुरुद्वारा के अरदास में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सिख संप्रदाय, सिख धर्म, गुरु गोविंद सिंह और गुरु नानक नानक देव जी ने मुगलों से लड़ाई लड़कर सनातन को बचाने के लिए क्या नहीं किया। उन्होंने कहा दुर्भाग्य है कि कांग्रेसियों को इतनी बड़ी बातें कभी याद नहीं आई। आजादी के 75 साल बाद नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की। यह आजादी के समय ही होना चाहिए। कांग्रेस के गलत नीतियों के कारण नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन वीर बलिदानियों को किसी ने याद नहीं किया। सिख धर्म ने मुगलों से लड़ाई लड़ी, चार शहजादे को शहीद कर दिया। उनकी याद में आज बीरबल दिवस मना रहे हैं, नरेन्द्र मोदी ने इसकी शुरूआत की। सिख धर्म के गुरु ग्रंथ में 55 सौ बार राम का नाम लिखा गया है। सिख और हिंदू धर्म एक है। ओवैसी सहित जो लोग औरंगजेब को अपना पूर्वज मान रहे हैं, उन्हें सीख लेनी चाहिए। इस दौरान गिरिराज सिंह ने आईएनडीआईए गठबंधन पर भी प्रहार किया। गिरिराज सिंह कहा कि घमंडिया इंडी गठबंधन के लोग जान-बूझकर सनातन धर्म और हिंदू समाज गाली देते हैं, अपमानित करते हैं। नीतीश कुमार और लालू यादव साजिश के तहत ऐसा करवाते हैं। आज देश के अंदर इंडी घमंडिया गठबंधन कभी अखिलेश यादव के मुंह से तो कभी लालू यादव और नीतीश कुमार से बुलवाते हैं। कभी कांग्रेस और राहुल गांधी स्टालिन के पार्टी से बुलवाते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जो लोग हिंदू धर्म को गाली दे रहे हैं, हिंदू धर्म नहीं है उनसे कहता हूं कि मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लो। हिंदू धर्म ही सनातन है, सिक्ख ही भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है, भारत का अभिप्राय है। वाजपेयी जी, आडवाणी जी एवं भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन उन्हें पलटने की आदत लग गई।

## सेना के अधिकारियों को बदलने से पुंछ मामले का समाधान नहीं होगा : फारूक अब्दुल्ला

**कश्मीर।** आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है, बढ़ता ही जा रहा है। प्रशिक्षित आतंकवादी आ रहे हैं और वे पकड़े नहीं जाते। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। भारत के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने की जरुरत को लेकर किए गए एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध बयान का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विषेश प्रमंडल, पलामू।

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-04/2023-24/RE-01

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड पण्डवा अन्तर्गत प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 8806100.00 | 177000.00 | 10000.00 | 06 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.12.2023 से दिनांक 05.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.314331 Rural Development(23-24):D

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार (समाज कल्याण शाखा) जिला बाल संरक्षण इकाई

–: बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेश से गुमशुदा शिशु (बालिका) की आम सूचनाः–



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बारियातु थाना क्षेत्र के ग्रीन गोला जर्जर भवन बारियातु से उपेक्षित एक दिन के नवजात शिशु (बालिका) को बारियातु थाना द्वारा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कराया गया है। उक्त शिशु (बालिका) बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेश से SAA करूणा (विशेष दत्तक ग्रहण) आश्रम राँची में आवासित है। शिशु (बालिका) को दोनो जैविक संबंधो के द्वारा पालन पोषण एवं देखरेख संरक्षण देने से इनकार करने के पश्चात् आपसी सहमति से अभ्यर्पित कराया गया है।

यदि कोई अन्य पक्ष नवजात शिशु (बालिका) पर किसी भी प्रकार का दावा रखते हो या जैविक माता– पिता जिन्होनें नवजात को अभ्यर्पित किया है विज्ञापन प्रकाशन होने के 60 दिन के अंदर अपना दावा बाल कल्याण समिति / जिला बाल संरक्षण इकाई में प्रस्तुत करे, अन्यथा उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार का कोई भी दावा उक्त मामले में मान्य नही होगा। शिशु (बालिका) को दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 6 के उपनियम 12 के अंतर्गत शिशु (बालिका) को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कानुनी रूप से मुक्त करने हेतु अग्रेतर कारवाई आरंभ कर दी जाएगी।

दुरभाष संख्या– 6299162106, 6202846184, 7004889432,
प्रकाशन कार्यालय– जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय लातेहार,(समाज कल्याण शाखा) विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय लातेहार।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

PR 314329 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 • Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-23/2023-24 दिनांक – 23.12.2023

(तृतीय कॉल)

1. Name of Work :- Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtr. (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark -II Hand pump, Construction of platform & drain etc. on "Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa for the Year 2023-24.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GAR/GPT/60mtr-01 | 40 Nos | 58.91206 | 1.18 | 10,000.00 | 90 Days |
| GAR/GPT/60mtr-05 | 14 Nos | 20.61922 | 0.42 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 28.12.2023 समय 04:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 05.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 05.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 06.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9973003856 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651-2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 314303 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## कार्यालय:- जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी०, प्रथम तल्ला

आवश्यक सूचना

प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 विभागीय पत्रांक–770 (विधि) दिनांक–05.10.2023 एवं विभागीय पत्रांक–866 (विधि) दिनांक–14.11.2023 के आदेश के आलोक में गढ़वा जिले में स्थित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची संख्या 04 का निर्माण (दिसम्बर 2022 की स्थिति में) मास्टर वरीयता सूची में उपलब्ध डाटा के आधार पर किया गया है।

उक्त मास्टर वरीयता सूची व वरीयता सूची संख्या 04 के अवलोकनार्थ गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। यदि किसी शिक्षक को कोई आपत्ति है तो, साक्ष्य सहित दिनांक 06.01.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत दावे एवं आपत्ति के आलोक में आपत्ति निराकरण करते हुए मास्टर वरीयता व वरीयता सूची संख्या 04 का जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदनोपरांत आगे की कार्रवाई की जायेगी।

निर्धारित तिथि तक दावा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में दावा / आपत्ति अमान्य कर दी जायेगी। दावा / आपत्ति निम्न प्रपत्र में प्रस्तुत करें।

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्रम सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.314301 Human Resource Developement(23-24):D

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत शहरी जलापूर्ति योजना के तहत शहर के सभी वार्डो में सप्लाई की जा रही है। गिजानियाटांड स्थित इटेकवेल के राईजिंग पाईप लाईन को WTP (Water Treatment Plant) के पाईप लाईन से जोड़कर परीक्षण (Testing) किया जाना है जिसके लिए दिनांक 28.12.2023 से 30.12.2023 तक तीन दिन लातेहार शहरी जलापूर्ति सभी वार्डो में बाधित रहेगा। असुविधा के लिए खेद है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.314357 Urban Development(23-24):D

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email-mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची से संबंधित आवश्यक सूचना।

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, सरकार के ज्ञापांक 100 दिनांक 08.02.2023 के द्वारा राज्य के सभी जिलों में शिक्षक प्रोन्नति पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उक्त आदेश के आलोक में कार्यालय में उपलब्ध आँकड़ों के आधार पर औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची तैयार कर लोहरदगा जिले के अधिकारिक बेवसाईट https://lohardaga.nic.in पर कार्यालय पत्रांक 1310 दिनांक 12.12.2023 द्वारा सूची प्रकाशित कर आपत्ति की मांग की गई थी। मान्य आपत्तियों का निराकरण कर अवलोकन हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची प्रकाशित की जा रही है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लोहरदगा

PR 314328 Lohardaga(23-24)#D

## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों के लिए आम सूचना)

वितीय वर्ष 2023–24 में गढ़वा जिला अन्तर्गत प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों / उन्नत नस्ल की बछिया पालकों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय / राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण की योजना है। इच्छुक दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत किये जाने हेतु अपना आवेदन कार्यालय में उपलब्ध विहित प्रपत्र में पूर्ण बायोडाटा, सफलता की कहानी, गौशाला एवं गायों के साथ तथा हरा चारा उत्पादन आदि का रंगीन फोटोग्राफ संलग्न कर दिनांकः– 30.12.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में जमा करना चाहेंगे। इस सूचना को गढ़वा जिला के वेबसाइट www.Garhwa.nic.in पर भी देखा जा सकता है तथा आवेदन का विहित प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.314311 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/17/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में चन्दवा नगर मेन गेट से मंदिर तक कालीकरण पथ निर्माण। | 9991000 | 200000 | 10000 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.01.2024 से दिनांक 20.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –22.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565245220
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 314302 (Rural Development) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– निविदा संख्या.:– SD/LATEHAR/13/2023-24/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार, पंचायत हेटपोचरा के ग्राम हेटपोचरा में अर्जुन सिंह के घर से सुबोध उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। Km 0.501 to 1.00 Part-2 (From house of Mustafa Ansari to House of lalan Turi) | 2391400.00 | 5000.00 | 48000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.01.2024 से दिनांक 20.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565245220
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.314300 Rural Development(23-24):D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार, 27 दिसम्बर, 2023



सुंदरता का मतलब बाहरी रंग रूप नहीं बल्कि अच्छे विचार, संस्कार, व व्यवहार होता है : अज्ञात



# नये साल में हमारी सोच..?

नये साल की शुरूआत होने वाली है। हम-सब के दरवाजे पर 2024 दस्तक देने ही वाला है। ऐसे में पिकनिक स्पॉट गुलजार होने लगे हैं। जश्न की तैयारी में युवा होश खो देते हैं। जंगल,पहाड़ मनोरम होने के साथ खतरनाक भी होते हैं। इस बात को समझने की जरूरत है। ऐसे जगहों पर दुर्घटना आम बात होती है। प्रत्येक वर्ष ऐसी जगहों पर दर्जनों लोगों की जानें चली जाती हैं। पुलिस ऐसी जगहों पर सावधानी बरतने की सलाह देती है। लेकिन इसे अनसुना कर दिया जाता है। कारण लोगों में जागरूकता की कमी है। परिवार और समाज का दायित्व बनता है कि वह युवाओं को सतर्कता बरतने की सलाह दें। साथ ही उन्हें होने वाले दुर्घटना के प्रति सावधान करें। दुर्घटना बढ़ने का कारण शराब के नशे में सड़कों पर वाहनों से रेस लगाना होता है। ठंड के मौसम में दुर्घटना का होना आम बात है। दूसरी तरफ झरनों और पहाड़ों के पास अत्यधिक पानी होने की वजह से भी दुर्घटना होती है। पिकनिक स्पाटों पर हुड़दंग का नजारा होता है। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को यह समझाना चाहिए कि इससे वे बचें। नशे की हालत में लोग ना सिर्फ अपने लिए खतरनाक बन जाते हैं,अपितु दूसरों के लिए भी घातक बन जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी वजह यह होती है कि धुंध के कारण जंगलों में दूर तक देखना संभव नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में अपने वाहनों की गति कम कर देनी चाहिए। बहरहाल झारखंड के पलामू में रविवार की शाम एक युवा पत्रकार दुर्घटना का शिकार हो गया। कार्यालय कर्मियों ने उसे बार-बार कहा कि हेलमेट पहना करो। लेकिन वह नहीं माना। नतीजा सामने है। अस्पताल के बेड पर पड़ा वह अपनी जिन्दगी के लिए ईश्वर से दुआ मांग रहा है। कहने का अभिप्राय यह कि समझदार लोग भी इसकी अनदेखी कर रहे हैं। यह अच्छी बात नहीं है। ऐसी स्थिति आ जाने के बाद अमुक व्यक्ति से लोग पल्ला झाड़ लेते हैं। इसकी साफ वजह यह होती है कि ऐसे लोग किसी की सलाह मानने को तैयार नहीं होते हैं। यह गलत परंपरा है। इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। कारण मौत आपका बाहर इंतजार कर रही है। थोड़ी सी चूक किसी की जान भी ले सकती है। इस बात को समझने की जरूरत है। यह सब नये साल के जोश में ज्यादा होता है। पिकनिक स्पॉट शराब की महक से शर्मसार हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जश्न मनाने का यह तरीका कैसे सही है? इस पर विचार करने की जरूरत है। इस तरीके को बदलने की जरूरत है। अच्छा होता सभी लोग नये साल को एक संकल्प के रूप में लें। कुछ नया करने की सोच रखें। आध्यात्म की दृष्टिकोण से किसी मंदिर में पूजा -पाठ के द्वारा भी नये साल का आगाज किया जा सकता है। गंदी सोच पर अंकुश लगाकर कर भी नये साल का स्वागत किया जा सकता है। इसे अपनाने की जरूरत है। तभी नया वर्ष मंगलमय होगा।

परिवार और समाज का दायित्व बनता है कि वह युवाओं को सतर्कता बरतने की सलाह दें। साथ ही उन्हें होने वाले दुर्घटना के प्रति सावधान करें। दुर्घटना बढ़ने का कारण शराब के नशे में सड़कों पर वाहनों से रेस लगाना होता है। ठंड के मौसम में दुर्घटना का होना आम बात है। पिकनिक स्पाटों पर हुड़दंग का नजारा होता है। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को यह समझाना चाहिए कि इससे वे बचें। नशे की हालत में लोग ना सिर्फ अपने लिए खतरनाक बन जाते हैं,अपितु दूसरों के लिए भी घातक बन जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी वजह यह होती है कि धुंध के कारण जंगलों में दूर तक देखना संभव नहीं हो पाता।

# मिर्जा गालिब : गहन मानवीय चेतना के चितेरे

इन दिनों



ललित गर्ग



**मिर्जा** गालिब उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि तथा महान शायर थे। वे सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे। गालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नये ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किये हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ 'गालिब' था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। गालिब के पिता मिर्जा अब्दुल्ला बेग ने इज्जत-उत-निसा बेगम से निकाह किया और अपने ससुर के घर में रहने लगे। उन्होने पहले लखनऊ के नवाब और बाद में हैदराबाद के निजाम के यहाँ काम किया। 1802 में अलवर में एक युद्ध में उनकी मृत्यु के समय गालिब मात्र 5 वर्ष के थे। जब गालिब छोटे थे तो एक नव-मुस्लिम-वर्तित ईरान से दिल्ली आए थे और उनके सान्निध्य में रहकर गालिब ने फारसी सीखी। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले गये। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को 'इन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालय' में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को 'गालिब मेमोरियल' में तब्दील कर दिया गया। गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था।

मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नये ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किये हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ 'गालिब' था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये।

## आप की बात

### बिजली की आंख मिचौली से परेशानी

पलामू जिले के बिजली उपभोक्ताओं को अपेक्षित आपूर्ति के लिए 125 से 130 मेगावाट बिजली की जरूरत है जबकि 75 से 80 मेगावट बिजली मिल रही है। करीब 50 मेगावाट की कमी से जिले में बिजली संकट कि स्थिति बन गई है। बिजली आपूर्ति लोड शेडिंग के सहारे चल रही है। शहरी क्षेत्र को अधिक व ग्रामीण क्षेत्रों को कम बिजली दी जा रही है। जिले में व्यवसायिक गतिविधि बढ़ने व घरों में बिजली आधारित उपकरणों के बढ़ने से लगातार बिजली की मांग बढ़ी है। जिले में लोडशेडिंग से बिजली आपूर्ति किए जाने के कारण आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। शाम और सुबह बिजली कि आँख मिचोनी से मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। इंटर के परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने बताया कि सुबह और शाम के समय में दो-दो घंटे तक बिजली गायब रहने से तैयारी में परेशानी हो रही है। ग्रामीण महेश यादव ने बताया कि बिजली आपूर्ति की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। मेदिनीनगर के उमेश कुमार ने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ बिजली कटौती भी बढ़ गई है। शहरी क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब रह रही है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में 12 से14 घंटे ही बिजली मिल रही है। बिजली आपूर्ति कंपनी के मेदिनीनगर डिविजन के कार्यपालक अभियंता एसएन चौधरी ने बताया कि मेदिनीनगर डिविजन में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। यहां पहले 65 मेगावाट की जरूरत पड़ती थी,लेकिन वर्तमान 80 मेगावाट बिजली की जरूरत है। मेदिनीनगर डिविजन में 65 मेगावाट ही बिजली मिल रही है।

**- राजेन्द्र प्रसाद, डालटनगंज**

राजनीति

# राजस्थान कांग्रेस में कमजोर होगी गहलोत पायलट की पकड़



रमेश सर्राफ धमोरा

**पूर्व** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नये लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अदावत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं। 2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गये थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गये थे। उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी। मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदों से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने अशोक गहलोत को दे दी थी। गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था। आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था।

2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी व अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी।




बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

विभिन्न प्रकार की भक्ति और सतभक्ति में बहुत अंतर है। किसी भी देवी-देवता की उपासना से उसका फल अवश्य मिलता है, जो नाशवान होता है, लेकिन आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकती और पाप कर्मों का भी अंत नहीं होता, उसे भोगने के लिए बार-बार जन्म लेना पड़ता है । जबकि सतभक्ति करने से पापों का नाश, जन्म मरण से सदा के लिए मुक्ति और अमरलोक की प्राप्ति होती है।
**उपरोक्त तथ्य सिद्ध करते हैं:** सभी देवता, भगवान इंद्र, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, आदि जन्म लेते हैं और मर जाते हैं। वे शाश्वत नहीं हैं। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रत्येक जीवात्मा 84 लाख योनियों में कष्ट उठाते हैं। पहले के ऋषि और हमारे पूर्वज पूजा के सच्चे तरीके यानी सत भक्ति से अनभिज्ञ थे, इसलिए हठयोग किया और ब्रह्म-काल के जाल में फंसे रहे। शास्त्र विरुद्ध पूजा करने के कारण हमारे पूर्वज भूत और प्रेत बने। एक तत्वदर्शी संत द्वारा प्रदान की गई सच्ची पूजा से ही मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने सभी पवित्र शास्त्रों मे छिपे हुए जटिल आध्यात्मिक ज्ञान को सुलझाया है। पूर्ण संत की शरण में जाने से ही आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होगी अर्थात उनसे नाम-उपदेश (नाम दीक्षा सतनाम और सारनाम) प्राप्त करके और सर्वोच्च भगवान की भक्ति करने से ही मोक्ष संभव है अन्यथा नहीं। **महान संत गरीबदास जी कहते हैं**
**यह संसार समझता नाहीं । कहंदा शाम दोपहरे नूं गरीबदास, यह वक्त जात है। रोवोगे इस पहरे नू। (समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X-से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# यूपी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हो रहे सकारात्मक प्रयास



कमलेश पांडे


**वजह** स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उन में तारतम्य बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। देश के सबसे बड़े राज्य में यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है, जिसके चलते वह केंद्र में भी मजबूती से नहीं जम पा रही है। बदलते दौर में यूपी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं, जिसके सुखद परिणाम जल्द ही सामने आयेंगे। कहना न होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सूबाई गठबंधन नीति से यूपी समेत हिंदी पट्टी के जमे-जमाये नेताओं ने पार्टी के कार्यक्रमों से जो किनारा करना शुरू किया, उसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दस वर्षीय कार्यकाल को यदि छोड़ दिया जाय तो पुराना सिलसिला अब जाकर थमने के आसार प्रबल हुए हैं। वहीं, यूपी में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को एड़ी-चोटी एक करनी होगी। वजह स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उनमें तारतम्य बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। खास बात यह कि हमें राजनीतिक प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने में नये-पुराने के तफरके में संतुलन बिठाना होगा। यूपी कांग्रेस के नेता केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे रहना चाहते हैं, जिसकी वजह से ना तो वहां पार्टी खड़ी हो पा रही है और ना ही जीत मिल रही है, जबकि तेलंगाना के नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के सहयोग से पार्टी खड़ी कर ली और चुनाव भी जीत लिया। वहां चार नेता ऐसे थे जो सीएम बनना चाहते थे, इसलिए सबने मेहनत की और सबकी मेहनत से पार्टी जीती।

यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है।

## टेक वर्ल्ड

### फोन के कवर में रखते हैं नोट तो हो जायें सावधान

जब आपका फोन गर्म होता है, ओवरहीट होता है तो ऐसे में फोन में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आपने अपने फोन के कवर में कागज जैसे कि नोट या कोई डॉक्यूमेंट रखा हुआ है तो तेजी से वह चीज है जल सकती है। इसीलिए अपने फोन के कवर के पीछे कभी भी नोटों को न रखें।



**हीट को करता है ब्लॉक :**
जब आप अपने फोन के कवर में किसी भी प्रकार का कोई सामान रखते हैं तो आपने देखा होगा कि फोन में लगे कवर में कुछ होल बने होते हैं जहां से फोन का हीट निकलती रहती है। लेकिन जब आप अपने फोन के कवर में कोई भी वस्तु रख देते हैं तो वह उस छेद को ब्लॉक कर देता है, जिससे फोन की गर्मी कवर में ही रह जाती है और फोन तेजी से गर्म होने लगता है। बता दें कि आग लगने की संभावना के साथ-साथ इस तरीके की आपकी आदतें आपका फोन को भी डैमेज कर सकती हैं, क्योंकि जब फोन आपका ओवर हीट होगा तो इसका प्रोसेसर स्लो काम करना शुरू कर देगा और आपका फोन धीरे-धीरे खराब होने लग जाएगा। इसीलिए ऊपर दिए गए बातों को ध्यान में रखते हुए आप अपने फोन के कवर में कभी भी कोई भी वस्तु न रखें। **(समाप्त)**

**- विंध्यवासिनी सिंह**

### अब ये डिवाइस दिलायेगी मच्छरों से राहत


यूएसबी टाईप -सी पोर्ट आपने कनेक्टिंग डिवाइस, फोन चार्जर और कई दूसरी जगहों पर इसका इस्तेमाल किया होगा। लेकिन अब आप इसका इस्तेमाल मच्छरों से खुद को बचाने में भी कर सकते हैं। यूएसबी टाईप -सी पोर्ट का इस्तेमाल कर आप खुद को मच्छरों से बचा सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हेल्थ सेक्टर में है कॅरियर की अपार संभावनाएं

अनन्या मिश्रा

कोरोना महामारी की चपेट के बाद हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है। ऐसे में हेल्थ केयर सेक्टर युवाओं के लिए बेहद शानदार है। एक सर्वे के अनुसार, साल 2025 तक देश में 10 लाख से अधिक हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी। आजकल के समय में कॅरियर को लेकर युवा काफी ज्यादा परेशान होते हैं। ऐसे में हेल्थ केयर सेक्टर युवाओं के लिए बेहद शानदार है। फिलकाल इस क्षेत्र में काफी कम लोग हैं। वहीं कोरोना महामारी के बाद इस सेक्टर के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ी है। कोरोना महामारी की चपेट के बाद हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है। ऐसे ही सेक्टर में कई विधाओं में कोर्स हैं, जिसमें से हॉस्पिटल मैनेजमेंट या हेल्थ केयर मैनेजमेंट कॅरियर के तौर पर एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है।




**क्या है हास्पिटल मैनेजमेंट :** हास्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के तहत आता है। इस सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनल्स मानते हैं कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार से हास्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। इस सेक्टर में व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने के साथ ही पैनी नजर भी बनाए रखना होता है। वहीं मरीजों को इलाज में बेहतर सुविधा मिले इसकी भी कोशिश करनी होती है। आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था करना और अच्छे डाक्टरों को जोड़ना हॉस्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। इसके अलावा किसी हादसे के होने पर इन्हीं प्रोफेशनल्स को इसका जिम्मा उठाना पड़ता है। कर्मचारियों की सुविधा और हॉस्पिटल की वित्तीय व्यवस्थाओं आदि का कार्य भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट में आता है।

**अहम है यह सेक्टर :** आपको बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट में कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार भी इन कोर्स के दायरे में आता है। एक सर्वे के अनुसार, साल 2025 तक देश में 10 लाख से अधिक हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

**जॉब के अवसर :** इस कोर्स को कर आप सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में नौकरी पा सकते हैं। जैसे आपकी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, अस्पताल के क्षेत्र में, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, नर्सिंग होम में नौकरी लग सकती है। इसके साथ ही वाक हार्ट, मैक्स, फोर्टिस, टाटा, अपोलो अस्पताल, डंकन, विप्रो, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, फोर्टिस हेल्थ केयर लिमिटेड, अपोलो हेल्थ केयर जैसी बड़ी कंपनियों में भी जॉब कर सकते हैं। असिस्टेंट हास्पिटल मैनेजर के पद से आप इन कंपनियों में नौकरी शुरूकर सकते हैं।

## कोर्स

- सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन
- ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन
- एमबीए इन हास्पिटल मैनेजमेंट
- बैचलर कोर्स
- 12वीं में साइंस होने के साथ 50 प्रतिशत के साथ
- पीजी कोर्स
- ग्रेजुएशन इन हास्पिल मैनेजमेंट
- एमफिल या पीएचडी
- पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट
- यहां से करें कोर्स
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
- अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
- टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
- एम्स, नई दिल्ली



# 10वीं के बाद ज्वैलरी डिजाइनिंग की फील्ड में बनायें कॅरियर

अगर आप क्रिएटिव हैं, तो आप ज्वैलरी डिजाइनिंग के कोर्स में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस फील्ड में सक्सेज पाने के लिए आपकी कल्पनाशीलता के साथ मार्केट रिसर्च भी अच्छा होना चाहिए। समय के साथ ही कॅरियर के ऑप्शन में भी काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे कई नए-नए कोर्स आ रहे हैं, जिनको कर युवा पीढ़ी पारंपरिक पढ़ाई के साथ इस कोर्सेज को कर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। ऐसा ही एक ज्वैलरी डिजाइनिंग का कोर्स है। इस कोर्स को कर युवा पीढ़ी अपना भविष्य संवार सकते हैं। अगर आप क्रिएटिव हैं, तो आप ज्वैलरी डिजाइनिंग के कोर्स में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। ज्वैलरी डिजाइनिंग के कोर्स में आप अपने काम के प्रति लगाव और कुछ नया करने की सोच को शामिल करते हैं। वहीं डिजाइनिंग सेंस के अलावा आपको विभिन्न प्रकार के स्टोन्स और मेटल्स की जानकारी भी होनी चाहिए। इस फील्ड में सक्सेज पाने के लिए आपकी कल्पनाशीलता के साथ मार्केट रिसर्च भी अच्छा होना चाहिए। आपको बता दें कि ज्वैलरी डिजाइनर के मुख्य काम ज्वैलरी के स्टाइल व पैटर्न को अच्छा बनाना व सेट करना होता है। इसके लिए आपको कोरल ड्रा, फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, ऑटो कैड और 3डी स्टूडियो जैसे सॉफ्टवेयर की मदद लेनी होती है।

ऐसे में अगर आप भी 10वीं कर चुके हैं तो आप ज्वैलरी डिजाइनिंग के शार्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ज्वैलरी डिजाइनिंग के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज को कर इस फील्ड में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

> **समय के साथ ही कॅरियर के ऑप्शन में भी काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे कई नए-नए कोर्स आ रहे हैं, जिनको कर युवा पीढ़ी पारंपरिक पढ़ाई के साथ इस कोर्सेज को कर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। ऐसा ही एक ज्वैलरी डिजाइनिंग का कोर्स है। इस कोर्स को कर युवा पीढ़ी अपना भविष्य संवार सकते हैं। अगर आप क्रिएटिव हैं, तो आप ज्वैलरी डिजाइनिंग के कोर्स में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं।**

## सर्टिफिकेट कोर्स

- कैड फॉर जेम्स एंड ज्वैलरी
- बेसिक ज्वैलरी डिजाइन
- बीएससी कोर्स
- बैचलर ऑफ एक्सेसरीज डिजाइन
- बीएससी इन ज्वैलरी डिजाइन
- बैचलर ऑफ ज्वैलरी डिजाइन
- डिप्लोमा कोर्स
- डिप्लोमा इन ज्वैलरी डिजाइन एंड जैमोलॉजी
- ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग
- यहां से करें कोर्स
- इंडियन जैमोलॉजी इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- जैमोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
- जैमस्टोन्स आर्टिसन्स ट्रेनिंग स्कूल, जयपुर
- जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, जयपुर

## उम्र की ओर बढ़ते कदम

उम्र के साथ न जाने कहीं ऐसे
रिश्ते बन जाते हैं और इन
रिश्तों में न जाने कहां गुम हो
जाते हैं कई नाम।
ना जाने कई कान तरस जाती
होंगी अपने नाम को सुनने के
लिए।
ढलती हुई उम्र के साथ न जाने
कई ऐसी यादें बनकर रह
जाएंगी।
कैसा अब यह उम्र का पड़ाव
है। जिंदगी से होता जाता अब
यह लगाव है। आंखों पर झुर्रियां
और बाल सफेद होते जाते हैं।
कई ऐसे रिश्ते में उलझ कर रह
जाते हैं। जहां हम तो होते हैं
मौजूद पर हमारे नाम गुमनाम
हो जाते हैं।

❖ गरिमा वर्मा

# कॅरियर ग्रोथ के लिए अपनाएं ये टिप्स

कहते हैं कि शानदार नौकरी भी उस वक्त जी का जंजाल बन जाती है, जब उसमें ग्रोथ न हो। सीनियर तारीफ न करें और न ही साल दर साल मिलने वाली तरक्की मिले। कई बार ऐसा देखने को मिलता है ऐसा होने पर लोग फ्रस्टेट होते हैं और अपनी जॉब छोड़ने तक का मन बना लेते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सही निर्णय है? क्या नौकरी छोड़ना ठीक होता है! जी नहीं। ऐसा करने की बजाय आपको खुद में बदलाव लाने की जरूरत होती है। कुछ ऐसा करने की कि लोग आपकी तारीफ करें। यह तब तक संभव नहीं होगा, जब तक कि आप अपने अंदर कई चीजों में बदलाव लेकर नहीं आते। न केवल यहां आपको अपनी पर्सनैलिटी में बदलाव लाने की जरूरत है, बल्कि कई और बातें हैं, जिन्हें फॉलो करके आप संस्थान के लिए बेहतर बन सकते हैं।

## धैर्य से काम लें और गलती करने से बचें

अक्सर ऐसे माहौल में या यूं कहें कि फ्रस्टेशन में लोग काम में गलती कर बैठते हैं, जो उनके खिलाफ जाती है। ऐसा होने पर बात बनती नहीं, बल्कि और भी बिगड़ जाती है। इसलिए अगर ऐसा हो तो धैर्य से काम लें और गलती करने से बचें।

## कम्युनिकेशन स्किल्स मजबूत करें

पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ दोनों में ही आपको अपनी बात ठीक से रखने का तरीका आना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी हो। कई बार लोग कहना कुछ चाहते हैं, लेकिन कह कुछ और जाते हैं।

## पर्सनालिटी डेवलपमेंट

अगर ऑफिस में कलीग या बॉस से बात कर रहे हैं तो अपनी बात ठीक से रखें। प्रेजेंटेशन का तरीका आपकी पर्सनालिटी को भी दशार्ता है। समय के साथ आपको बदलना होगा और खुद को इम्प्रूव करना होगा।

## नई तकनीक को समझें और नॉलेज को बढ़ाएं

मौजूदा दौर तकनीक कहा है। इसलिए किसी भी सेक्टर में हमेशा बदलाव आते रहते हैं, इसलिए जरूरी है कि आप तकनीक को समय के साथ-साथ समझते रहे। यानी तकनीक के साथ चलें। यह ध्यान रहे कि बिना नॉलेज कोई भी काम नहीं बनता है। आप जिस फील्ड में हैं उसमें आपको महारत हासिल होनी चाहिए।

## समय के पाबंद रहें

प्रोफेशनल करियर में सबसे जरूरी बात है कि आपको अनुशासित होना पड़ेगा। अगर आप समय से ऑफिस नहीं पहुंचते हैं तो कभी भी बॉस के चहेते नहीं बन पाएंगे। यही नहीं, बॉस से किए गए तय टाइम से पहले अपना काम खत्म करके हैंडओवर दे दें।

# म्यूजिक फील्ड में कॅरियर के शानदार मौके...



अगर आपके अंदर म्यूजिक के प्रति जुनून, जोश और दीवानगी का होना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप में यह सारी खूबियां हैं, तो आप इस फील्ड में बेहद शानदार कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आपको भी म्यूजिक पसंद है और आपके गले की पुकार आपके साथ है, तो बता दें कि म्यूजिक का चमचमाता फील्ड आपके लिए ही बना है। लेकिन इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आपके अंदर म्यूजिक के प्रति जुनून, जोश और दीवानगी का होना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप में यह सारी खूबियां हैं, तो आप इस फील्ड में बेहद शानदार कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

## जरूरी हैं ये स्किल्स

अगर आप म्यूजिक के फील्ड में अच्छा कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर कुछ गुणों का होना बहुत जरूरी है। सबसे ज्यादा अहम है कि आपको संगीत और सुरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि अगर आपके अंदर यह खूबियां हैं, तभी आप म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना कॅरियर बनाने की सोच सकते हैं।

## कॅरियर स्कोप

म्यूजिक फील्ड में कोर्स करने के बाद आप फिल्म इंडस्ट्री, टेलीविजन इंडस्ट्री, रेडियो, एफएम चैनल्स, एजुकेशन फील्ड, रिएलिटी शोज, विज्ञापन इंडस्ट्री, इवेंट इंडस्ट्री, प्रोडक्शन हाउस, साउंड इंडस्ट्री, सांस्कृतिक विभागों और म्यूजिक सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में अच्छी जॉब पा सकते हैं। इन सभी इंडस्ट्री में शुरूआती तौर पर आपको 20 से 30 हजार रुपए महीने की इनकम होगी।

## कोर्स

आपको बता दें कि वर्तमान समय में म्यूजिक फील्ड में सर्टिफिकेट से लेकर डिग्री कोर्स तक कई तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। अगर आप सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो आप बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, सर्टिफिकेट इन म्यूजिक, बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसे कोर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि 6 महीने की होती है। इसके अलावा इस फील्ड में डिप्लोमा कोर्स 6 महीने की अवधि का तो वहीं डिग्री कोर्स 3 साल की अवधि का होता है। इन कोर्सेज को करने के बाद आप म्यूजिक इंडस्ट्री में 15-20 हजार रुपए महीने की सैलरी से अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6926

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6925 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**27 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.01 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कुंभ | 09.48 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.21 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.51 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.31 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.29 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.43 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.11 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.22 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृश्चिक | 03.36 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 05.52 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 361 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा अहोरात्र।
**नक्षत्र** आर्द्रा 23.29 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 02.41 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 18.21 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 21'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871840
**जूलियन दिन** 2460305.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 13
**विशेष** मण्डला पूजा, अरुद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7988



### बाएँ से दाएँ

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

### ऊपर से नीचे

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

### शब्द पहेली -7987 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृष राशि :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**मिथुन राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**कर्क राशि :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**सिंह राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**तुला राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृश्चिक राशि :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

**मकर राशि :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ राशि :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन राशि :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

## Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# 2023 में सबसे ज्यादा ऑनलाइन ऑर्डर की जाने वाली डिश रही बिरयानी

**प्रति सेकेंड 2.5 बिरयानी के आर्डर दिए गए**

**बेंगलुरु के एक यूजर ने 46,273 रुपये का सबसे बड़ा सिंगल ऑर्डर दिया**



- जोमैटो को मिले दस करोड़ आर्डर
- 7.45 करोड़ ऑर्डर के साथ पिज्जा दूसरे नंबर पर
- 4.55 करोड़ के साथ नूडल बाउल तीसरे स्थान पर
- 5.5 चिकन बिरयानी पर एक शाकाहारी बिरयानी का ऑर्डर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड प्लेटफॉर्म ने सोमवार को कहा कि जोमैटो उपयोगकर्ताओं ने 2023 में सबसे ज्यादा बिरयानी ऑर्डर की। ऑर्डर के रुझान पर जोमैटो की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10.09 करोड़ से अधिक बिरयानी ऑर्डर दिए गए। जो दिल्ली में आठ कुतुब मीनारों को भरने के लिए पर्याप्त थे। वहीं स्विगी पर बिरयानी लगातार आठवें साल सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश रही। भारत में 2023 में प्रति सेकंड 2.5 बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। खाद्य वितरण मंच ने कहा कि हर 5.5 चिकन बिरयानी के साथ एक शाकाहारी बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। बिरयानी के प्रति प्रेम तब और बढ़ गया, जब 24.9 लाख उपयोगकर्ताओं ने स्विगी पर बिरयानी के लिए ऑर्डर के साथ शुरूआत की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में 7.45 करोड़ से अधिक ऑर्डर के साथ जोमैटो पर बिरयानी के बाद पिज्जा का नंबर आया, जो कोलकाता के पांच ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियमों के क्षेत्र को कवर कर सकता है। डिलीवरी दिग्गज ने कहा, 4.55 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर के साथ नूडल बाउल तीसरे स्थान पर रहा, जो पृथ्वी की परिधि को 22 बार लपेटने के लिए पर्याप्त था। जहां बेंगलुरु में 2023 में जोमैटो पर सबसे ज्यादा नाश्ते के ऑर्डर दिए, वहीं दिल्ली में सबसे ज्यादा देर रात में ऑर्डर दिए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी को साल का सबसे बड़ा ऑर्डर बेंगलुरु से आया, जहां एक यूजर ने 46,273 रुपये का सिंगल ऑर्डर दिया।

# अयोध्या में कंकड़ और पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा



**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में सरकार के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया जारी है तथा माना जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एडीए का उद्देश्य अयोध्या शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का है और वर्ष 2047 तक अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने पर लक्ष्य केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही, अयोध्या में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं, जिससे यह शहर प्राचीनता व आधुनिकता का जीवंत मिश्रण बन सके।

एडीए के अधिकारी ने बताया कि प्रतिष्ठित धर्म पथ रोड के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों व भित्तिचित्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवनकाल से जुड़े संदर्भों को दशार्या जा रहा है। इसमें श्रीराम दरबार, खर-दूषण वध, कैकई कोपभवन गमन दृष्य समेत अनेक प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। यह परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण का प्रतीक है जो तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को अयोध्या के कालातीत आकर्षण का अनुभव करने के लिए स्वागत करता है।

धर्म पथ सड़क के किनारे टेराकोटा भित्तिचित्रों के निर्माण से यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित कर रहा है जो सेल्फी प्वॉइंट में भी परिवर्तित हो गया है।

## एक नजर

### जेपी नड्डा और अमित शाह ने की कालीघाट मंदिर में पूजा



**कोलकाता।** एक दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को मशहूर शक्तिपीठ कालीघाट में पूजा अर्चना की। यहां उन्हें मां काली की प्रतिकृति उपहार स्वरूप दी गई है। शाह और नड्डा सोमवार रात 1:45 बजे के करीब कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह सबसे पहले दोनों नेता कोलकाता के जोड़ासांको स्थित गुरुद्वारा बारा सिख संगत में पहुंचे और वीर बाल दिवस के मौके पर प्रार्थना की।

### हमास के तीन वरिष्ठ सदस्यों पर प्रतिबंध लगाएगा जापान

**टोक्यो।** जापान सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह हमास के तीन वरिष्ठ सदस्यों की आतंकवाद को वित्तपोषित करने की क्षमता को सीमित करने के लिए उन पर प्रतिबंध लगाएगी। जापान का मानना है कि हमास के इन तीन वरिष्ठ सदस्यों का फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह के 7 अक्टूबर के नरसंहार में भूमिका थी।

### लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में आए हल्की तीव्रता के दो भूकंप

**जम्मू।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह हल्की तीव्रता के दो भूकंप आए। इन झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। दोनों भूकंपों का केंद्र लद्दाख के लेह जिले और जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में था। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार लद्दाख में सुबह 4.33 बजे 4.5 तीव्रता का भूकंप आया।

### 200 से अधिक नेपाली नागरिक रूसी सेना में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो सौ से अधिक नेपाली नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने और उनमें से सौ से अधिक लोगों के लापता होने की जानकारी साझा की है। विदेश मंत्री ने कहा कि रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ने वाले अधिकांश नेपाली नागरिकों की या तो मौत हो चुकी है या वो यूक्रेन में युद्धबन्दी बने हुए हैं। कुछ दिन पहले ही नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी करते हुए रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे सात नेपाली नागरिकों की मौत होने और चार के युद्धबन्दी के रूप में यूक्रेन में होने की जानकारी दी गई थी। विदेश मंत्री के उस बयान के बाद सैकड़ों ऐसे परिवार सामने आए हैं।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारी बैठकें शुरू

# राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खरगे ने की बिहार की समीक्षा, आंध्र पर बात आज

**सीट बंटवारे व संगठन की स्थिति पर ले रहे फिडबैक**

**आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी से है मुख्य मुकाबला**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ बैठक की। वहीं बुधवार को आंध्र प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक होगी।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में बिहार में संगठन की स्थिति, चुनाव तैयारियों और सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। बैठक में खरगे और राहुल गांधी के अलावा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और कई अन्य नेता मौजूद थे। बिहार की महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस साझेदार है। महागठबंधन के सभी घटक राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड), कांग्रेस और वाम दल राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुधवार को आंध्र प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, खड़गे के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और अन्य ने राज्य में वाईएसआरसीपी से मुकाबला करने की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए आंध्र प्रदेश के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में नवनियुक्त राज्य प्रभारी मनिकम टैगोर समेत राज्य इकाई प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बैठक यहां पार्टी मुख्यालय में सुबह 10 बजे शुरू होगी।

# अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित बलों के साइट पर किया हमला



**एजेंसी। वाशिंगटन**

रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने इराक में ईरान समर्थित बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तीन साइटों पर हमले किए हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के हवाले से ऑस्टिन ने कहा, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में कातेब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तीन फैसिलिटी (सुविधाओं) पर हमले किए। उन्होंने कहा, "ये सटीक हमले इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया द्वारा किए गए हमलों की एक श्रृंखला का जवाब हैं, जिसमें मंगलवार को पहले आर्बिल एयर बेस पर ईरान-संबद्ध कताएब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा किया गया हमला भी शामिल है।" ऑस्टिन ने कहा कि वाशिंगटन (अमेरिका) हमारे सैनिकों और हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। इससे अधिक कोई प्राथमिकता नहीं है। हम इस क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते हैं, हम अपने लोगों और हमारी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और आवश्यक उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।"

### संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी व उसके गठबंधन का डीएनएः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता उदय भान के बयान पर पलटवार करते हुए संवैधानिक पदों का अपमान करने को आईएनडीआई गठबंधन का चरित्र बताया है। मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अब यह जगजाहिर है कि संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआई गठबंधन का डीएनए है। हरियाणा कांग्रेस प्रमुख के बोल भी साफ यही दशार्ते हैं कि संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की आदत बन गई है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन से आने वाले कल्याण बनर्जी ने संसद की सीढ़ियों पर भारत के उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी न सिर्फ इस घटना की रिकॉर्डिंग कर रहे थे बल्कि उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। कल्याण बनर्जी को दुनिया ने देखा कि कैसे वे भारत के उपराष्ट्रपति के पोस्चर शेमिंग और बॉडी शेमिंग में लगे हुए थे।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर सटीक डेटा तैयार करें : मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएएस), भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) और भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा उन्हें शासन प्रणाली में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए देश की सेवा करने का अवसर देगी। वे अपने-अपने क्षेत्रों में नवोन्वेषी, स्मार्ट और नागरिक-केंद्रित कार्यप्रणाली के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने प्रोबेशनर्स को यह याद रखने की सलाह दी कि उनके कार्यों और निर्णयों का सभी नागरिकों के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उनमें से प्रत्येक अपने काम में जो सत्यनिष्ठा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी दिखाता है, वह हमारे लोगों के विकास की गति निर्धारित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी।

राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों से कहा कि डेटा या सांख्यिकी नीतियों के निर्माण से लेकर कार्यक्रमों और योजनाओं के परिणामों का विश्लेषण करने तक की सभी गतिविधियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण आधार बनता है। अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार करने की आवश्यकता है। अनेक चैनलों के माध्यम से सूचना की बढ़ती उपलब्धता के साथ, प्रामाणिक और सटीक आंकड़ों का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

# ब्लादिमीर पुतिन ने मित्र देशों के लिए टैरिफ वरीयता कानून पर किया हस्ताक्षर



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जो सरकार को मित्र देशों को कुछ वस्तुओं के निर्यात शुल्क को अस्थायी रूप से कम करने या पूरी तरह से समाप्त करने का अधिकार देता है। सोमवार को हस्ताक्षरित कानून रूसी सरकार को छह महीने तक की अवधि के लिए मित्र देशों को शिपमेंट पर निर्यात शुल्क कम करने का अधिकार देगा। सरकार उत्पादों की एक निश्चित मात्रा के लिए निर्यात शुल्क को एक वर्ष से अधिक के लिए अस्थायी रूप से कम या रद्द कर सकती है। जब यह उपाय पहली बार अगस्त में पेश किया गया था, तो रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने कहा था कि इसका उद्देश्य मित्र देशों में रूसी निर्यात बढ़ाना है। सरकार ने मिशुस्टिन के हवाले से कहा, मित्र देशों को अनाज, उर्वरक और कच्चे माल की आपूर्ति में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार टैरिफ प्राथमिकताओं के लिए एक विशेष लचीला उपकरण पेश करने का सुझाव देती है। इस उपाय से बाहरी प्रतिबंधों का सामना करने वाले रूसी व्यवसायों का समर्थन करना संभव हो जाएगा।

## उपलब्धि — नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी डिस्ट्रॉयर जंगी जहाज 'इंफाल'

# परमाणु-जैविक युद्ध में भी लड़ने में सक्षम है युद्धपोत

**ब्रह्मोस मिसाइल और सेंसर से लैस इस जहाज में हैं पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रह्मोस मिसाइल से लैस स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल मंगलवार को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े का हिस्सा बन गया। मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में एक समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आज इस जहाज को औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक से बना इंफाल युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है।



भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। समुद्र में इंफाल की अधिकतम गति 30 समुद्री मील (56 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक होगी और यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और सेंसर से लैस है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। 163 मीटर लंबाई, 7,400 टन वजन और 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ इंफाल को भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक माना जा सकता है। इस युद्धपोत में एक आधुनिक निगरानी रडार लगा हुआ है, जो इसके तोपखाने हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है। इसकी पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं स्वदेशी रूप से विकसित रॉकेट लॉन्चर, टॉरपीडो लॉन्चर और एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों से लैस हैं। यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है।

### जहाज पर ड्रोन हमला के कसूरवारों को सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे : राजनाथ

स्वदेश में निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित समारोह में नौसेना में शामिल किया गया। मौके पर राजनाथ सिंह ने कि आजकल समुद्र में हलचल कुछ ज्यादा बढ़ गई है, भारत की बढ़ती ताकत से कुछ देशों को ईर्ष्या से भर दिया है। अरब और लाल सागर में जहाजों पर हुए ड्रोन हमले को भारत ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। भारतीय नौसेना ने समुद्र की निगरानी बढ़ा दी है। जिन्होंने भारत के खिलाफ कार्रवाई की है, उन्हें हम समुद्र तल से भी ढूंढ निकालेंगे। हिंद महासागर में भारत की ताकत और बढ़ चुकी है। चीन और पाकिस्तान को चुनौती देने के लिए आईएनएस इंफाल तैयार है।

## फिल्म जगत

# अभिनेता रोनित रॉय ने अपनी पत्नी नीलम बोस रॉय से फिर की शादी



**एक्टर** रोनित रॉय तीसरी बार शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने एक बार फिर अपनी पत्नी नीलम बोस रॉय से शादी की है। 58 साल की उम्र में एक्टर ने 20वीं सालगिरह के मौके पर हिंदू रीति-रिवाज से फिर से शाही अंदाज में विवाह किया। इस विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रोनित और नीलम की शादी 2003 में हुई थी। अब 20 साल बाद एक बार फिर ये दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने सोशल मीडिया पर शादी समारोह की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। एक वीडियो में रोनित अपनी पत्नी के साथ लिप-लॉक करते नजर आ रहे हैं। फैंस को ये वीडियो काफी पसंद आया है। रोहित के दोबारा शादी करने पर फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की है। शादी की तस्वीरें और वीडियो शेयर करने से पहले रोनित ने शंकर मंदिर से कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को हिंट दिया था। वीडियो शेयर करते हुए रोनित ने लिखा, मंदिर में भारी तैयारियां चल रही हैं। आज एक बार फिर मेरी शादी हो रही है। आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद की जरूरत है। दरअसल, रोनित की पहली शादी जोआना से हुई थी, लेकिन किसी वजह से ये अलग हो गए। इसके बाद रोनित ने एक्ट्रेस नीलम सिंह से तीन साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी कर ली थी।

# सीएम आवास का घेराव करने जा रहे सहायक अध्यापकों को पुलिस ने रोका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टेट पास सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष लगातार धरना दे रहे हैं। सहायक अध्यापक धरने के 127वें दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए राजभवन के समक्ष एकजुट हुए लेकिन पुलिस ने उन्हें धरना स्थल पर ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। मौके पर प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपनी मांगों को लेकर हम लोग मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे थे लेकिन हमें राजभवन के समक्ष रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत, एईपी और एनसीटीई के सभी वांछित अर्हता को पूरा करने वाले टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे बहाल किया जाए। इस मौके पर मिथिलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, संजय मेहता, झरी लाल महतो, दशरथ ठाकुर, मनोज शर्मा, रजनीकांत पांडे और विपुल दुबे सहित अन्य मौजूद थे।




## पंचायत स्वयंसेवक संघ का 29 को नंग-धड़ंग प्रदर्शन

राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेगा। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्होंने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि संघ ने विधानसभा घेराव के दौरान 21 दिसंबर को हुई लाठीचार्ज की निंदा करते हुए एफआईआर वापस लेने की भी मांग की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा ।
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ............./लोहरदगा, दिनांक ....................................

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-21/2023-24** जिसका पी0 आर0 सं0 **PR 312193 (Lohardaga)23-24(D)** है, को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
PR 314334 (Lohardaga) 23-24 (D) लोहरदगा।


### झारखंड पशुपालन विभाग में नियम ठेंगे पर

# वर्षों से गृह जिला में जमे हैं कई पशु चिकित्सक व पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
90 के दशक में बिहार में हुए चारा घोटाला की वजह से पशुपालन विभाग पर जो दाग लगा, वह अबतक नहीं धुल पाया है। इस विभाग को आम लोग आज भी शक की नजर से देखते हैं। बेशक, लालू यादव सरीके कई नेताओं, पशु चिकित्सकों और सप्लायरों को सजा हो चुकी है, फिर भी यह विभाग अपनी ही चाल में चल रहा है। मनमानी का आलम ऐसा कि बड़ी संख्या में जिला पशुपालन पदाधिकारी और पशु चिकित्सक लंबे समय से अपने गृह जिला में कुंडली मारे बैठे हुए हैं। जब भी इनके ट्रांसफर की बात होती है तो उसी जिले में कभी इस दफ्तर से कभी दफ्तर में शिफ्ट हो जाते हैं। इस मेहरबानी का असर दूसरे पदाधिकारियों के मनोबल पर पड़ रहा है।




अब सवाल है कि क्या न साल में विभाग में कुछ नया दिखेगा और ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी। क्योंकि चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राज्यों के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया है कि वैसे पदाधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाना है जो अपने गृह जिला में पदस्थापित हैं या एक ही जिला में तीन साल से ज्यादा समय से पद पर बने हुए हैं।

इनमें एक नाम है डॉ नरेंद्र कुमार झा का भी है जो 1991 यानी 32 वर्षों से ज्यादा समय से रांची में ही पोस्टेड हैं। संभव है कि अपने गृह जिला से ही रिटायर भी हो जाएं, क्योंकि यह रिकॉर्ड डॉ अपर्णा पांडेय के नाम रहा है। वह प्रारंभ से ही करीब 34 वर्षों तक अपने गृह जिला रांची में ही पदस्थापित रहीं और यहीं से सेवानिवृत्त भी हुईं।

अब सवाल है कि क्या चुनाव आयोग के पत्र के आलोक में ऐसे पशु चिकित्सकों को गृह जिला से हटाया जाएगा। जाहिर है कि इन्हें चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाया जाता है तो इस बात पर मुहर लग जाएगी कि इनपर किसी ऊंचे स्तर से कृपा बरस रही है। इस विभाग में सिर्फ पशुचिकित्सक ही नहीं बल्कि कई पशुपालन पदाधिकारी हैं जो अपने गृह जिला में वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं।

पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक और पदाधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार निदेशालय के पास नहीं होता। लिहाजा, इस मसले पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# बंधु फिर से चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं, बहस 10 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में 10 जनवरी को होगी। उक्त तिथि को बंधु तिर्की फिर से चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं इसपर बहस होगी। मामले में अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी। सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी।

## रिम्स डॉक्टर से बाइक सवार अपराधी मोबाइल छीनकर हुए फरार

**रांची।** रांची के रिम्स अस्पताल में बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट में कार्यरत डॉ अभिजीत साहा से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। इस संबंध में डॉ अभिजीत ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ अभिजीत ने पुलिस को बताया कि वह 23 दिसंबर की रात पौने दस बजे दिव्यान कुसुम विहार के पास इवनिंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। हालांकि घटना के बाद शोर मचाते हुए वह अपराधियों के पीछे भागे, मगर अपराधी तेजी से फरार हो गए। डॉ अभिजीत ने बताया कि उनके मोबाइल में कई महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट भी थे। घटना के बाद वह सीधे बरियातू थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-22/2023-24
Date –23/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Check dam on Bora Nala at vill –Burhu Baratpur, Block – Lohardaga, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 65.817 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 11/01/2024at2:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 20/01/2024upto 5:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 20/01/2024 upto 5:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 22/01/2024at2:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
PR 314341 Lohardaga(23-24)#D Minor Irrigation Division, Lohardaga.



**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-21/2023-24 Date –23/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Check dam on Simbhu Toli Nala at vill – Shimbhu Toli Bhujaniya, Block – Lohardaga, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 50.685 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 11/01/2024at2:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 20/01/2024upto 5:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 20/01/2024 upto 5:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 22/01/2024at2:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
PR 314338 (Lohardaga) 23-24 (D) Lohardaga.


# 29 को निकलेगा मशाल जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की मंगलवार को आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में 30 दिसम्बर को सरना कोड की मांग पर भारत बंद की तैयारी की समीक्षा की गई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड लागू करने के लिए पूरे आदिवासी समाज में जागरुकता आई है। आदिवासी सेंगेल अभियान सालखन मुर्मू के आह्वान पर 30 दिसम्बर को झारखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात एवं अन्य राज्यों के आदिवासी सड़कों पर उतरकर संघ, करेंगे। बंद की पूर्व संध्या पर 29 दिसंबर को रांची, लोहरदगा, गुमला, हजारीबाग सहित अन्य जगहों के प्रमुख स्थलों पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

# 5 का तबादला, दीपक बने सीआईडी के डीएसपी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने पांच डीएसपी का तबादला किया है। पलामू जिले के लेस्लीगंज में झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप -6) में पदस्थापित दीपक कुमार को रांची सीआईडी का डीएसपी बनाया गया। इस संबंध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रेमेजिएस टोप्पो को विशेष शाखा रांची का डीएसपी, बिरेंन्द्र बाड़ा को विशेष शाखा रांची का डीएसपी, गन्दरु उरांव को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और ओम प्रकाश को झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप-1) रांची का डीएसपी बनाया गया है।

## एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों का संयुक्त सचिव में प्रमोशन

झारखंड सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रमोशन दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। इन अधिकारियों को अब पुनरीक्षित वेतनमान पीवी 4, 37400 से 67000 और ग्रेड पे 8700 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 में प्रोन्नति दी गई है। जिन्हें संयुक्त सचिव रैंक में प्रमोशन मिला, उनमें राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम जमशेदपुर की निदेशक ज्योत्सना सिंह, पाकुड़ की एडीएम मंजू रानी स्वांसी, कार्मिक विभाग के उपसचिव अमर कुमार, कार्मिक विभाग के उपसचिव मो आसिफ हसन, लेखा प्रशासन दुमका के निदेशक जावेद अनवर इदरीशी, जामताड़ा के एडीएम सुरेंद्र कुमार, गृह कर निदेशालय के निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के उपसचिव मधुमिता कुमारी, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के संयुक्त निदेशक श्रीमती मीना, धनबाद के अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था कमलकांत गुप्ता, कार्मिक विभाग अवर सचिव चिंटू दोराईबुरु, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार सिंभूम के सचिव नीलम सोरेंग, रांची नगर निगम के अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, गिरिडीह नगर निगम के अपर नगर आयुक्त स्मृति कुमारी शामिल है।

## निगम के दो शिविर में 77 आवेदनों का हुआ निपटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से डोरंडा और नगर निगम में शिविर लगाया गया। इनमें कुल 77 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा शिविर में जरूरतमंदों के बीच कुल 103 कंबल का वितरण किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

## हरमू निगम पार्क में छात्र को पीटकर किया घायल

**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी मोजाहिद नगर के रहने वाले तासीन अहमद को हरमू निगम पार्क में मारपीट कर घायल कर दिया। बदमाशों ने तासीन को जाति सूचक गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी है। इस संबंध में तासीन के पिता नकीब अहमद ने अरगोड़ा थाने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। नकीब अहमद ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र जवाहर विद्या मंदिर का छात्र है। उनका पुत्र तासीन 21 दिसंबर को हरमू बाइपास रोड स्थित निगम पार्क गया था। इस दौरान कुछ युवक व युवती वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। जातिसूचक गाली देते हुए आरोपियों ने उनके पुत्र को दोबारा निगम पार्क नहीं आने की दमकी दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**किसी भी हद तक जाने का...**
भारत के लिए साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है। आज के भारत में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान, गोविंद गुरु का बलिदान पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया के उन देशों में से है, जो देश सबसे ज्यादा युवा देश हैं। इतना युवा तो भारत अपनी आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं था। जब उस युवाशक्ति ने देश को आजादी दिलाई तो आज की युवाशक्ति भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है, यह कल्पना से परे है।

**ठग अब 420 नहीं 316...**
5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।
पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी अब अध्याय 19 में आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि में इसे जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है। भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा।
कुछ विशेषज्ञों ने इन कानूनों पर सवाल उठाए हैं लोकतंत्र पर इनके प्रभाव को लेकर भी सवाल उठाए हैं कि पहले दंड देने की सेंट्रलाइज सोच वाले कानून थे और अब विक्टिम सेंट्रिक जस्टिस का उद्भव होने जा रहा है। मॉब लिंचिंग, यानी जब पांच या अधिक लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो समूह के प्रत्येक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। शादी का झूठा वादा करके सेक्स को विशेष रूप से अपराध के रूप में पेश किया गया है। व्यभिचार और धारा 377, जिसका इस्तेमाल समलैंगिक यौन संबंधों पर मुकदमा चलाने के लिए किया जाता था, इसे अब हटा दिया गया है। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी. लेकिन अब अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसे 60 या 90 दिन तक दिया जा सकता है। छोटे अपराधों के लिए सजा का एक नया रूप सामुदायिक सेवा को शामिल किया गया है। जांच-पड़ताल में अब फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने को अनिवार्य बनाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग, जैसे खोज और बरामदगी की रिकॉर्डिंग, सभी पूछताछ और सुनवाई ऑनलाइन मॉड में करना। एफआईआर, जांच और सुनवाई के लिए अनिवार्य समय-सीमा तय की गई है। उदाहरण के लिए, अब सुनवाई के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा, शिकायत के 3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करनी होगी। अब सिर्फ मौत की सजा पाए दोषी ही दया याचिका दाखिल कर सकते हैं। पहले गैर सरकारी संगठन या नागरिक समाज समूह भी दोषियों की ओर से दया याचिका दायर कर देते थे।


**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार**
**(महात्मा गांधी नरेगा कोषांग)**

**विज्ञापन संख्या–01 / 2023**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक–4729 दिनांक–04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक–6440 दिनांक–17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक–848 दिनांक–21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु लेखा सहायक के 02 पद, कम्प्यूटर सहायक के 02 पद एवं ग्राम रोजगार सेवक के 07 रिक्त पदों पर पूर्णतया संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। रिक्त पदों की विवरणी निम्नवत् है –

| क्र. | पदनाम | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखा सहायक | 0 | 0 | 01 | 01 | 02 |
| 2 | कम्प्यूटर सहायक | 0 | 0 | 01 | 01 | 02 |
| 3 | ग्राम रोजगार सेवक | 02 | 01 | 03 | 01 | 07 |

● उपरोक्त कोटिवार रिक्तियों की संख्या भविष्य में घट–बढ़ सकती है।

आवेदक द्वारा उपर्युक्त पदों पर विभागीय वेबसाईट http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर केवल ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन के साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों को अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी लातेहार जिला के वेबसाईट https://latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार
PR.NO.314291 Rural Development(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
अतिअल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–
WRD/MDMANDAL / 10 / 2023–24 दिनांक 26.12.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work Of H/R Gate For Different Chain No. Of Canal With Embedded Parts, Hoisting Arrangement And Platform Of "Batre Reservior Scheme." |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 7,57,000.00 (सात लाख सन्तावन हजार ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0. 15,500.00( रूपेय पन्द्रह हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2023 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।
PR.NO.314370 District (23-24):D

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में बढ़ी भारतीय टीम की मुश्किलें




**फील्डिंग करते हुए चोटिल हुए बावुमा लंगड़ाते हुए गए मैदान से बाहर**

**कप्तान रोहित शर्मा को सबसे ज्यादा 13वीं बार राबाडा ने आउट किया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। सेंचुरियन सुपरस्पोर्ट्स पार्क में भारत और दक्षिण अफ्रीका के के बीच बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजों करते हुए बारतीय बल्लेबाजों को जमकर धोया। खबर लिखे जाने तक भारत ने 176 रन पर अपने 7 विकेट गंवा दिए हैं। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 19 रन पर एक विकेट गंवा दिया। कगिसो रबाडा ने भारत की शुरूआत बिगाड़ते हुए सबसे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पवेलियन लौटाया। रोहित शर्मा की ब्रेक के बाद वापसी सुपरफ्लॉप रही जबकि कगिसो रबाडा ने उनका विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कगिसो रबाडा ने रोहित शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार पवेलियन की राह दिखाई। हिटमैन ने रबाडा की गेंद को पुल करने का प्रयास किया, लेकिन बल्ले और गेंद का संपर्क ठीक तरह से नहीं हो सका और गेंद सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। रोहित महज 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंटरनेशनल क्रिकेट में रबाडा अब रोहित को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं।

**यशस्वी-गिल भी रहे फ्लॉप**

सेंचुरियन टेस्ट में टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। रोहित शर्मा महज 5 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, यशस्वी जायसवाल भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर सके और 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे शुभमन गिल भी बुरी तरह फ्लॉप रहे और सिर्फ 2 रन बनाकर चलते बने। भारत 31 साल से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोई सीरीज नहीं जीत पाया है। पहले दिन मैच के 20 वें ओवर में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बवुमा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण लंगड़ाते हुए मैदान के बाहर चले गए।

## दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना टेस्ट क्रिकेट का अपमानः आकाश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारत के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'यह टेस्ट क्रिकेट का अपमान है।'भारत मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के साथ अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे के आखिरी चरण की शुरूआत करेगा। केएल राहुल की कप्तानी में वनडे सीरीज में 2-1 से जीत और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी के बाद टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में कदम रख रही है। इस बीच, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टेस्ट टीम दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के अपने लंबे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेगी। हालांकि, आकाश चोपड़ा का तर्क है कि टेस्ट क्रिकेट को वह दर्जा दिया जाना चाहिए जिसका वह हकदार है और दो टेस्ट मैच की सीरीज टेस्ट क्रिकेट के लिए नुकसानदेह है। चोपड़ा ने जियो सिनेमा से कहा, तीन मैचों की श्रृंखला से कम कुछ भी टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। टेस्ट क्रिकेट की रक्षा करने और इसके संरक्षक होने के बारे में सभी चर्चाओं का मतलब यह नहीं है कि हम वह कर रहे हैं जो आवश्यक है।

## मैं एक पारंपरिक, उचित सलामी बल्लेबाज चुनूंगा : माइकल हसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट के बीच, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल हसी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है, ने एक विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के बारे में चयनकताओं को चेतावनी दी है। हसी जिन्होंने खुद अपने टेस्ट करियर की शुरूआत एक सलामी बल्लेबाज के रूप में की थी। उन्होंने खेल के पारंपरिक लंबे प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करने के महत्व पर जोर दिया। किसी विशिष्ट उम्मीदवार का नाम बताने से परहेज करने के बावजूद, उन्होंने चयनकताओं से जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए एक विशेषज्ञ को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। हसी ने कहा, ओपनिंग, मैच में सबसे कठिन कामों में से एक है। अगर मैं चयन कर रहा होमा तो मैं एक पारंपरिक, सलामी बल्लेबाज को लेता।

## आईसीसी ने कोका कोला के साथ आठ साल के लिए साझेदारी बढ़ाई

**एजेंसी। दुबई**




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोका-कोला के साथ अपने करार को आठ साल के लिए बढ़ा दिया है। यह करार 2031 तक रहेगा। यह करार विस्तार आईसीसी के मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में किया गया। इसी के साथ इस करार की कुल समयावधि 13 वर्ष (2019 - 2031) हो गई है। इस करार से कोका-कोला कंपनी के ब्रांड विशेष गैर-अल्कोहल पेय भागीदार बन जाएंगे। इस समझौते में 2031 के अंत तक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, आईसीसी टी20 विश्व कप और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित सभी पुरुष और महिलाओं की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, अनुराग दहिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं कोका-कोला कंपनी का आईसीसी ग्लोबल पार्टनर के रूप में स्वागत करते हुए रोमांचित हूं क्योंकि हम एक ऐतिहासिक आठ साल की साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं, जो दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक को दूसरे सबसे बड़े खेल के साथ एकजुट करती है। उन्होंने आगे कहा, यह दीर्घकालिक सहयोग खेल के लिए रोमांचक संभावनाओं

## बॉक्सिंग डे टेस्टः ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन 3 विकेट पर 187 रन बनाए

**एजेंसी। मेलबर्न**

यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं। मार्नश लाबुशेन 44 और ट्रेविस हेड 09 रन बनाकर नाबाद हैं। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े। इसी स्कोर पर आगा सलमान ने वॉर्नर को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। वॉर्नर ने 38 रन बनाए। इसके बाद 108 के कुल स्कोर पर हसन अली ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। ख्वाजा ने 42 रन बनाए। 154 के कुल स्कोर पर आमेर जमाल ने स्टीव स्मिथ को पवेलियन भेजा। स्मिथ ने 26 रन बनाए। इसके बाद हेड और लाबुशेन ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट पर 187 रनों के स्कोर तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान की ओर से आगा सलमान, हसन अली, और आमेर जमाल ने 1-1 विकेट लिया।

## महिला हॉकी शिविर के लिए 34 सदस्यीय संभावित समूह घोषित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 27 दिसंबर को बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में शुरू होने वाला है। आगामी शिविर महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय टीम महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 और एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम स्पेन में अपने दौरे के पश्चात एक छोटे ब्रेक के बाद शिविर में लौटेगी।

### लोकल खेल की खबर

## रांची में होने वाले महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का शेड्यूल तय




**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में 13 जनवरी से महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग-2024 टूर्नामेंट प्रस्तावित है। इसके लिए टीमों का आगमन शेड्यूल भी तय हो चुका है। इसके मुताबिक अगले एक सप्ताह बाद से रांची में इंटरनेशनल प्लेयर्स का जुटान शुरू हो जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम तीन जनवरी को रांची में होगी और पार्क प्राइम होटल में रुकेगी। चार जनवरी को इटली की टीम रांची आएगी। उसे भी पार्क प्राइम होटल में ही ठहराया जाना है। यूएसए की टीम भी इसी दिन रांची में होगी जिसे होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया जायेगा। छह जनवरी को जर्मनी और क्रेच रिपब्लिक की टीमें रांची आएगी। यह दोनों टीम भी रेडिसन ब्लू में रुकेंगी। सात जनवरी को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीमें रांची आएगी और स्टेशन रोड स्थित होटल चाणक्य बीएनआर में रुकेंगी। मैच ऑफिशियल 11 जनवरी को रांची आएंगे, जिनके ठहरने की व्यवस्था होटल ली लेक सरोवर में की गयी है। गौरतलब है कि रांची में होने वाली महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग प्रतियोगिता में 8 देशों की टीम एक-दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करेंगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दूसरे दिन हुए 61 इवेंट



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन का इवेंट संपन्न हुए। मंगलवार को कुल 61 इवेंट हुए। द्वितीय दिवस के खेल संपन्न होने के बाद पदक तालिका के अनुसार साधनों के स्थान और अंक में तिलकामांझी सदन को प्रथम स्थान में रहा। मंगलवार के खेल के अंत में विजेता भैया-बहनों को मुख्य नगर प्रशासक डॉ धर्म प्रकाश झा, हड्डी रोग विशेषज्ञ बृजेश, धर्मदास शुक्ल, श्यामाकांत सिन्हा, विमल सिन्हा, धुर्वा थाना प्रभारी, राजा राम महतो, डॉ सीमा प्रसाद, डॉ धनेश्वर महतो एवं विद्यालय के आचार्यो द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बुधवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2023 का समापन समारोह अपराह्न 2:00 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल, जीसी सैम्बो रहेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ धीरज जायसवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ होंगे। अंतिम दिन कुल 42 इवेंट होंगे। समापन समारोह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होंगे।

## झारखंडः 35 हजार स्कूलों के लिए 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश

**रांची।** सरकारी स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 35438 सरकारी स्कूलों के खेल सामग्री खरीदने का निर्देश झारखंड शिक्षा विभाग की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया है. उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी कर 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश दिया है. खेल सामग्री के लिए 28.88 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है. जारी पत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए खेल सामग्री खरीदने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है. जारी पत्र में बताया गया है कि शिक्षा हेतु भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) में खेल और शारीरिक शिक्षा के प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय मद में 22.15 करोड़ तथा माध्यमिक एवं सीनियर माध्यमिक मद में 6.72 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है. जिसे राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में खेल सामग्री खरीदने के लिए ट्रांसफर किया जा चुका है.

## झारखंड में किसानों से 60 लाख क्विंटल धान खरीदेगी सरकार, कीमत पिछली बार से 250 रुपए ज्यादा



**रांची।** झारखंड सरकार आगामी 28 दिसंबर से किसानों से धान की खरीद करेगी। इस बार किसानों को पिछले साल की तुलना में प्रति क्विंटल धान पर 250 रुपए ज्यादा मिलेंगे। धान की खरीदारी के लिए पूरे राज्य में 600 से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं। झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मीडिया को यह जानकारी दी। बताया गया कि इस बार सरकारी केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को कुल कीमत की 50 फीसदी राशि का भुगतान मौके पर ही कर दिया जाएगा, जबकि शेष रकम धान को मिलों में पहुंचाए जाने के बाद मिलेगी। सरकार ने पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। धान खरीद के केंद्र राज्य के सभी 24 जिलों में बनाए गए हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रत्येक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी। सरकार ने सामान्य किस्म के धान का मूल्य 2183 रुपये तय किया है। इसपर राज्य सरकार 117 रुपए का अतिरिक्त बोनस देगी। यानी प्रति क्विंटल धान पर किसान को 2300 रुपए प्राप्त होंगे। पिछले साल किसानों को प्रति क्विंटल धान पर बोनस सहित 2025 रुपए का भुगतान किया गया था। सरकार ने धान क्रय केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मैजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की है। इस बार राइस मिलरों के लिए सरकार ने प्रति क्विंटल 60 रुपए का इंसेंटिव देने का फैसला किया है।

## सराफा बाजार में तेजी का रुख, चेन्नई में सोना 64 हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश के सराफा बाजारों में आज सोने और चांदी के भाव में तेजी नजर आ रही है। जेवराती सोना (22 कैरेट) के भाव में आज 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दिख रही है, वहीं कारोबारी सोना (24 कैरेट) भी 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपये के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। चेन्नई के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 64 हजार के स्तर के पार जाकर बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम 500 रुपये तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## डीपीआईआईटी निर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 24 उप-क्षेत्रों के साथ कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) घरेलू निर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए 24 उप-क्षेत्रों के साथ काम कर रहा है। इन उप-क्षेत्रों में फर्नीचर, एल्यूमीनियम, कृषि रसायन, रोबोटिक्स और जिम उपकरण शामिल है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब ह्यमेक इन इंडिया 2.0ह्न के तहत 27 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि डीपीआईआईटी अब 24 उप-क्षेत्रों के साथ मिल कर काम कर रहा है। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत है। मंत्रालय के मुताबिक डीपीआईआईटी के उप-क्षेत्र में फर्नीचर, एयर कंडीशनर, चमड़ा तथा जूते, तैयार खाद्य पदार्थ, मछली पालन, कृषि उत्पाद, वाहन घटक, एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि रसायन, इस्पात, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक वाहन घटक तथा एकीकृत सर्किट, इथेनॉल, चीनी मिट्टी की चीजें, सेट टॉप बॉक्स, रोबोटिक्स, टेलीविजन, क्लोज सर्किट कैमरे, खिलौने, ड्रोन, चिकित्सकीय उपकरण, खेल के सामान और जिम का समान शामिल हैं।

# व्यापार

## पीएलआई योजनाओं से आया 95 हजार करोड़ रुपये का निवेशः केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के कारण सितंबर तक 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है, इसके परिणामस्वरूप 7.80 लाख करोड़ रुपये के सामान का उत्पादन हुआ है। यह जानकारी मंगलवार को वाणिज्य उद्योग विभाग ने दी। 14 क्षेत्रों में शुरू की गई पीएलआई योजनाओं ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6.4 लाख से अधिक रोजगार पैदा किए हैं। निर्यात को 3.20 लाख करोड़ रुपये का बढ़ावा मिला है। बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 2,900 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन वितरित किया गया है। तीन साल की अवधि में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 20 प्रतिशत का वैल्यू एडिशन हुआ है। मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में स्मार्टफोन का योगदान 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, इसमें 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात भी शामिल है। दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत में पेनिसिलिन-जी सहित अद्वितीय मध्यवर्ती सामग्री और थोक दवाओं का निर्माण किया जा रहा है, और सीटी स्कैन, एमआरआई इत्यादि जैसे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हुआ है। ड्रोन सेक्टर के टर्नओवर में सात गुना उछाल देखा गया है, इसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। बयान में बताया गया है कि खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, इससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। एसी और एलईडी लाइट जैसी सफेद वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना में 64 कंपनियों ने निवेश किया है, जो कुल मिलाकर 5,429 करोड़ रुपये है। लगभग 48,000 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्र में 6,766 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की परिकल्पना की गई है। योजना अवधि के दौरान शुद्ध वृद्धिशील उत्पादन 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। जबकि 13 विदेशी कंपनियां इस योजना के तहत 2,090 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं, अन्य 23 एमएसएमई आवेदकों ने योजना के तहत 1,042 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## कारोबार में पीएसयू स्टॉक सूचकांकों का प्रदर्शन बेहतर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएसयू शेयरों में मंगलवार को कारोबार के दौरान 11 फीसदी तक की तेजी देखी गई। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 235 अंक ऊपर 71,342.29 अंक पर है, वहीं निफ्टी 21,431.75 पर कारोबार कर रहा है। कई पीएसयू शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सीपीएसई सूचकांक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला सूचकांक है। एचओसीएल 11 फीसदी, मझगांव डॉक 8 फीसदी, एमएसटीसी 8 फीसदी, जीआरएसई 7 फीसदी, एनएलसी इंडिया 6 फीसदी, भारत डायनेमिक्स 5 फीसदी और एनएमडीसी 4 फीसदी ऊपर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि अमेरिकी बाजार की अगुवाई में दिसंबर में वैश्विक तेजी ने ज्यादातर बाजारों को काफी ऊपर उठाया है और भारत भाग्यशाली है कि उसे चुनाव नतीजों से भी उछाल मिला है। दिसंबर में निफ्टी में 6 फीसदी की तेजी ने बाजार को थोड़ा गर्म कर दिया है। अब नए साल में ही ज्यादा एक्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, हाई वैल्यूएशन एक चिंता बनी हुई है। हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति, बांड यील्ड और डॉलर सूचकांक में गिरावट के साथ वैश्विक बाजार अनुकूल बना हुआ है। वर्तमान बाजार संदर्भ में गिरावट पर खरीदारी सबसे अच्छी रणनीति बनी हुई है। सुरक्षा लार्ज-कैप में है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर चक्रीय तेजी के लिए अच्छी स्थिति में है।

## सरकार ने मेडटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए शुरू की योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने मेडटेक इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और आयातित चिकित्सा उपकरणों पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक पहल के तहत सोमवार को मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उद्घाटन समारोह में कहा, मेडटेक मित्र एक ऐसा मंच है जो देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने में मदद करेगा। मंडाविया ने इनोवेटर्स और युवाओं की पहल और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश में इनोवेटर्स, शोधकताओं और युवा स्टार्टअप के बीच अपार शक्ति है जो रिसर्च और लॉजिक डेवलपमेंट करना जानते हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी को मंजूरी के स्तर पर ही मदद मिल जाए, तो चमत्कार हासिल किया जा सकता है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनने और विकसित भारत के दृष्टिकोण को हासिल करने में मीलों आगे ले जाएगा। यह देखते हुए कि भारत का मेडटेक क्षेत्र 80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है, मंत्री ने कहा कि यह सहयोगी पहल किफायती, गुणवत्ता वाले मेडटेक उपकरणों और डायग्नोस्टिक्स के स्वदेशी विकास की सुविधा प्रदान करेगी जिससे इस क्षेत्र की आयात निर्भरता में काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा, चिकित्सा उपकरण क्षेत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का एक आवश्यक और अभिन्न अंग है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, भारत 2047 तक देश में स्वास्थ्य परिदृश्य को बदलने की दृष्टि से स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और मेडिकल ड्रग पार्कों, मेडटेक अनुसंधान नीति और मेडटेक अनुसंधान प्रोत्साहन योजना के लिए निवेश के कार्यान्वयन के साथ देश के भीतर चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखी गई है।

## सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 310 मिलियन डॉलर के शेयर बेचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक ने मदर एंड चाइल्ड केयर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फर्स्टक्राई में दूसरे दौर की बिक्री में 310 मिलियन डॉलर का अपना स्टॉक बेचा है, जो इस सप्ताह आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सॉफ्टबैंक ने इस बार करीब 630 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। कुल मिलाकर, सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में दो राउंड में 310 मिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में लगभग 900 मिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर 400 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। मनीकंट्रोल की एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, फर्स्टक्राई ने 500 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है, इसमें से 60 प्रतिशत बिक्री की पेशकश (ओएफएस) घटक के लिए और शेष प्राथमिक खंड में जाएगा। जहां फर्स्टक्राई के 2024 के आम चुनाव के बाद ही सूचीबद्ध होने की संभावना है, वहीं ओला इलेक्ट्रिक के प्रबंधन ने आईपीओ के जरिए करीब 5,800 करोड़ रुपये जुटाने की कवायद शुरू कर दी है। आईपीओ से पहले, सॉफ्टबैंक ने दोनों कंपनियों के साथ-साथ अपने पोर्टफोलियो में कुछ अन्य कंपनियों का मूल्यांकन भी बढ़ाया, जो दोनों कंपनियों के बारे में उसकी आशावाद का संकेत है। इस महीने की शुरूआत में, फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो में 135 मिलियन डॉलर (लगभग 1,125 करोड़ रुपये) के शेयरों का एक ब्लॉक डील के माध्यम से आदान-प्रदान किया गया, इसमें जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक संभावित विक्रेता है।

## डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर लांच

**रांची।** नेशनल-मेटा मैटेरियल्स सर्कुलर मार्केट्स ने द थिएटर, आईएचसी, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जीवन समाप्त हुए वाहनों के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर लांच किया गया। इस अवसर पर सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा अधिकृत डिजी ईएलवी, एंड ऑफ लाइफ व्हीकल सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीडी) ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर का आधिकारिक लॉन्च किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर जैसे प्लेटफार्मों का लॉन्च प्रदूषण को कम करने और टिकाऊ गतिशीलता की ओर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने 3ई संकल्पना (इकोलॉजी, एन्वायरमेंट और इकोनॉमिक्स) के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया।